# झारखंड में अलकायदा आतंकी का सपोर्टर हिरासत में

## पकड़े गये युवक की नक्सलियों और रंगदारी से भी है सांठगांठ!

**झारखंड एटीएस की कार्रवाई, सिकिदिरी और चतरा में छापेमारी, लिंक मिला, आज खुलासा करेगी एटीएस**

कुबेर सिंह

**रांची।** झारखंड में अलकायदा आतंकी, नक्सली और व्यवसायियों से रंगदारी मांगनवाले गिरोह के सपोर्टर को झारखंड एटीएस की टीम ने हिरासत में लिया है। आर्यन भोक्ता नामक इस युवक को रांची पुलिस की मदद से सिकिदरी थाना क्षेत्र के एक गांव से पकड़ा है। आर्यन को पकड़ने के लिये भारी मात्रा में पुलिस उसके गांव पहुंची थी। गांव की घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर लिया है। एटीएस शनिवार को इस मामले की खुलासा कर सकती है।

आर्यन के हिरासत में लिये जाने के बाद एटीएस की टीम ने जब जांच की तो पाया कि इसका लिंक चतरा से भी जुड़ा है। स्थानीय पुलिस की मदद से वहां भी छानबीन की जा रही है। एटीएस इस मामले का खुलासा शनिवार को कर सकती है। खुफिया एजेंसी के अधिकारियों को यह भी जानकारी मिली है कि डॉ इश्तियाक द्वारा आतंकियों का रांची रेडिकल ग्रुप (आरआरजी) तैयार किया गया था। इस ग्रुप से जुड़े कुछ लड़कों को राजस्थान ट्रेनिंग के लिए भी भेजा गया था। लेकिन अभी इस ग्रुप की योजना किसी तरह से हमला करने की नहीं थी। ग्रुप के लोगों द्वारा खुद को मजबूत बनाने के लिए बिहार से कार्बाइन भी खरीदा गया था। जिसे 40 हजार में खरीदा गया था।

**मो. इश्तियाक की गिरफ्तारी के बाद खुफिया एजेंसी सतर्क, कैसे आया मो. इश्तियाक अलकायदा के संपर्क में**

22 अगस्त को दिल्ली एटीएस की टीम ने झारखंड पुलिस और एटीएस रांची, लोहरदगा और हजारीबाग में छापेमारी के बाद मो. इश्तियाक की गिरफ्तारी से चतरा के टंडवा निवासी अबू सुफियान के माध्यम से अलकायदा आतंकियों के संपर्क में आया था। डॉ इश्तियाक का संपर्क आतंकी कटकी से भी अबू सुफियान के माध्यम से हुआ था। इसकी जानकारी जांच में खुफिया एजेंसी के अधिकारियों को मिली तो वे चौंकन्ने हो गये।

## परी सैनिटरी पैड्स के मेंस्ट्रुअल हाइजीन इनिशिएटिव 'परीवर्तन' का झारखंड में विस्तार

**रांची।** सूथ हेल्थकेयर का ब्रांड परी सैनिटरी पैड्स अपने मेंस्ट्रुअल हाइजीन इनिशिएटिव 'परीवर्तन' का झारखंड में विस्तार कर रहा है। परी का लक्ष्य क्षेत्र में बालिकाओं को जागरूक और शिक्षित करके उनकी मेंस्ट्रुअल हेल्थ और हाइजीन में सुधार करना है। ऐसे में, इस पहल के तहत बोकारो के सेंट लुइस स्कूल में बालिकाओं को एक वर्ष तक पूरी तरह निःशुल्क सैनिटरी पैड्स उपलब्ध कराए जाएंगे। सेंट लुइस स्कूल में पढ़ने वाली 450 से भी अधिक बालिकाओं के लिए दो मेंस्ट्रुअल हाइजीन अवेयरनेस सेशंस आयोजित किए। पहले सेशन का आयोजन उन बालिकाओं के लिए किया गया, जो फिलहाल मासिक धर्म से गुजर रही हैं। वहीं, दूसरा सेशन उन बालिकाओं के लिए समर्पित था, जिनका मासिक धर्म कुछ ही दिनों में शुरू होने वाला है। इन दोनों ही सेशंस का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को जरुरी जानकारी और आत्मविश्वास प्रदान करना था, ताकि वे मासिक धर्म के दौरान अपने स्वास्थ्य का प्रभावी ढंग से ध्यान रख सकें। जरुरी संसाधन सुनिश्चित कराने के रूप में बालिकाओं को 1,200 से अधिक सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए। परी सैनिटरी पैड्स और सेंट लुइस स्कूल के बीच हुई इस साझेदारी का श्रेय बेहतर झारखंड के संस्थापक विवेक सिंह को जाता है।

# .......मुझसे मेरी जमीन मत छीनो पुरखों की जमीन ही मेरा भविष्य है

## भुईंहरी जमीन को कैमी बनाकर बेच रहे सीओ को बर्खास्त करने के लग रहे थे नारे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मेरी उम्र महज डेढ़ साल है। मैं अपनी मां के साथ अपनी पुश्तैनी जमीन को बचाने रांची आया हूं। मैं मूल रूप से चान्हों ब्लॉक से आया हूं। मेरी जीविका का साधन हमारी पुश्तैनी जमीन ही है, जिससे दो वक्त की रोटी का जुगाड़ हो जाता है।




पहली तस्वीर में यह अबोध बच्चा शायद यही कह रहा है। माथे पर बिरसा मुंडा की तरह पगड़ी धारण किये बच्चे की मासूमियत शायद अधिकारी और पदाधिकारी को यह संदेश दे रहा हो कि मुझसे मेरी जमीन मत छीनो, पुरखों की जमीन ही मेरा भविष्य है।



दूसरी तस्वीर बुजुर्ग महिला की है, वह पसीने से तर- बतर हो रही है। चेहरे पर शिकन है, वह अपने आंचल से एक ओर पसीना पोंछती है। कंधे पर रखे पारंपारिक हथियार फरसे को कंधे से उतार कर जमीन पर रख रही है। हथियार लाने का उद्देश्य उस नारे से पूर्ण हो गया कि जान दे देंगे, लेकिन पुश्तैनी जमीन नहीं देंगे। आंखों में अपने भविष्य में मंडराते खतरे को देख रही है।



तीसरी तस्वीर एक मां की है, जिसने अपने बच्चे को बेतरा (गोद में वस्त्र के सहारे) निश्चिंत होकर टुकूर-टुकूर देख रही है। मां के चेहरे पर पसीने और चिंता की लकीरें उभरी थीं। उसका कहना था कि अभी धान की रोपाई चल रही है। उसके जमीन सिमट गये हैं, आजीविका पर कुठाराघात किया जा रहा है, ऐसे में वह काम-धाम छोड़कर घेराव कार्यक्रम में आयी है।

शुक्रवार को दोपहर एक बजे के करीब राज्य के कोने- कोने से आये लोहरा समाज के लोग उपायुक्त कार्यालय के पास धरना-प्रदर्शन में जुटे हुए थे। प्रदर्शन करनेवाले नेतृत्वकर्ता भुईंहरी जमीन को बचाने के लिये संघर्ष कर रहे थे। पर, उनकी आवाज अधिकारियों तक नहीं पहुंच पा रही थी, क्योंकि ऑफिस के गेट पर ताला बंद था और हक की आवाज उठाने वाले के विरोध में तानाशाही की बंदूक तन कर खड़ी थी। बाहर से ही भीड़ द्वारा सीओ को बर्खास्त करो, दलालों को प्रश्रय न देने की अपील चोंगा के माध्यम से की जा रही थी।



# तीन बार राष्ट्रपति पदक से नवाजे गये आलोक बने बिहार के डीजीपी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार का डीजीपी आलोक राज को बनाया गया है। पुलिसिंग का 35 वर्षों का लंबा अनुभव रखने वाले आलोक राज 1989 बैच के आइपीएस हैं। पटना सिटी के एएसपी के रूप में अपनी पहली पोस्टिंग से लेकर नंदीग्राम में शांति बहाली तक उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। पटना में चार कुख्यात अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराने के लिए आलोक राज को पुलिस वीरता पदक से अलकृंत किया गया है। इसके अलावा, वह अविभाजित बिहार में रांची, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, देवघर, हजारीबाग, सीतामढ़ी और बेगूसराय जिले के एसपी भी रहे। वर्ष 2004 से 2011 तक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कार्यरत रहे जहां सात साल में चार बार उन्हें सीआरपीएफ डीजी के प्रशंसा डिस्क से सम्मानित किया गया। वर्ष 2011 में सीआरपीएफ डीआइजी के पद पर रहे।

बंगाल के नंदीग्राम में जब टाटा नैनो प्लांट के विरोध में जब हिंसक आंदोलन हुआ तो बतौर सीआरपीएफ आइजी आलोक राज ने कई दिनों तक वहां मोर्चा संभाले रखा। नंदीग्राम में शांति बहाली और विधि-व्यवस्था बहाल करने के लिए उनकी उस समय पूरे देश में प्रशंसा हुई।

**तीन बार मिला राष्ट्रपति का पदक**

आलोक राज मूल रूप से मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं। वह पटना विश्वविद्यालय से एमएससी भूगर्भशास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट रहे। उत्कृष्ट पुलिस करियर के लिए आलोक राज को तीन बार राष्ट्रपति के द्वारा पदक से अलंकृत किया गया। उन्हें वर्ष 1994 में पुलिस वरीता पदक, वर्ष 2008 में सराहनीय सेवा पदक और वर्ष 2016 में विशिष्ट सेवा पदक मिला। वर्ष 2019 में उत्कृष्ट पुलिस कार्यों के लिए अटल रत्न सम्मान से भी अलंकृत किया गया। पश्चिमी सिंहभूम एसपी के रूप में वनमाफिया के विरुद्ध कार्रवाई की तो हजारीबाग एसपी के रूप में कोयला माफिया और नक्सलियों के विरुद्ध अभियान का नेतृत्व किया। आलोक राज ने इटली में संयुक्त राष्ट्र संघ, शांति सेना का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। बिहार लौटने के बाद वह विशेष शाखा, सीआइडी और विधि-व्यवस्था के एडीजी भी रह चुके हैं। इसके अलावा बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, प्रशिक्षण और बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के महानिदेशक की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

## प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी की नियुक्ति पर दी बधाई

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सप्तगिरी शंकर ओलाका एवं डॉ वेला प्रसाद को झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर को सहयोग करने हेतु सह प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने नवनियुक्त प्रभारी को बधाई देते हुए उम्मीद जताया कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में झारखंड में सांगठनिक गतिविधियां तेज और मजबूत होगी तथा आने वाले समय में नई सरकार के गठन में अहम भूमिका उनके निर्देशन का होगा। बधाई देने वालों में विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरॉंव, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, कालीचरण मुंडा, रविंद्र सिंह, राकेश सिन्हा, जयशंकर पाठक, सतीश पाल मुंजनी, सोनल शांति, मानस सिन्हा, कमल ठाकुर प्रमुख रूप से शामिल है।

# खेलगांव में होगा 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन



**डीजीपी की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक में जनवरी 2025 में आयोजन का निर्णय**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जायेगा। उक्त आयोजन खेलगांव में होगा। शुक्रवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने खुखरी गेस्ट हाऊस में एक मीटिंग का आयोजन किया।

डीजीपी की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक में जनवरी 2025 में खेलगांव में अखिल भारतीय ड्यूटी मीट के आयोजन का निर्णय लिया गया। देश के सभी राज्यों की पुलिस एवं अन्य पुलिस संगठनों एवं संस्थाओं से लगभग 1500 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के भाग लेने की संभावना है। मीट में वैज्ञानिक अनुसंधान, पुलिस पोर्ट्रेट, कंप्यूटर, श्वान दस्ता संबंधी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा ओवरऑल विजेता की घोषणा होगी। बैठक में एडीजी आरके मलिक, एडीजी संजय आनंद लाटकर, एडीजी प्रिया दुबे, आयोजन सचिव आईजी असीम विक्रांत मिंज, अखिलेश झा, राजकुमार लकड़ा, ए विजयलक्ष्मी, शैलेंद्र सिंहा, सुदर्शन मंडल, रांची स्थित सभी डीआईजी एवं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों ने भाग लिया।

## सीसीएल में द आर्ट ऑफ लिविंग पर कार्यक्रम का आयोजन




**रांची।** मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल द्वारा 29 से 31 अगस्त, 2024 तक जवाहरनगर क्लब, रांची में वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए द आर्ट ऑफ लिविंग पर एक कॉर्पोरेट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 29 अगस्त, 2024 को आयोजित किया गया था। जिसमे हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) और सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/ योजना एवं परियोजना), सीसीएल की उपस्थिति रही। गणमान्यों ने सभी प्रतिभागियों को द आर्ट ऑफ लिविंग पर अयोजित इस कार्यक्रम की महत्ता एव दैनिक क्रिया-कलापों में इसकी उपयोगिता के विषय पर संबोधित किया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग कॉर्पोरेट कार्यक्रमों से आये राष्ट्रीय ख्याति के दो प्रतिष्ठित वक्ता सुश्री शिवानी शिवहरे और श्री श्रीजीत केसी द्वारा किया गया। आरके पांडे, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास), सीसीएल ने कार्यक्रम की शुरूआत में सभी गणमान्य व्यक्तियों और वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम मंच का संचालन कविता कुमारी, प्रबंधक (कार्मिक/ मानव संसाधन विकास) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### हाईकोर्ट ने मौखिक कहा

# रांची में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए ट्रैफिक एसपी औचक निरीक्षण करें

**ऑटो चालक एवं ई रिक्शा चालकों के ड्रेस कोड को लेकर कानून के तहत नियम बनाएं**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था की लचर व्यवस्था पर मौखिक कहा कि ट्रैफिक एसपी को खुद रांची शहर के मुख्य चौक चौराहों पर लगातार औचक निरीक्षण करना चाहिए। ट्रैफिक पोस्ट पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी वीआईपी मूवमेंट के समय ही केवल सजग रहते हैं। उनका ध्यान ट्रैफिक स्मूथ रखने की बजाय वसूली पर रहता है, ऐसे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के खिलाफ ट्रैफिक एसपी कार्रवाई करें। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में सीसीटीवी कैमरा केवल आईवास के लिए लगाए गए हैं, इनमें से अधिकतर खराब है ऐसे में अपराधी घटनाओं की रोकथाम कैसे हो सकेगी? कोर्ट ने यह भी कहा कि रांची के मुख्य चौक चौराहों के आसपास जो सब्जी बाजार लगते हैं उन्हें किसी दूसरे जगह में शिफ्ट किया जाए ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे। रांची नगर निगम फुटपाथ दुकानदारों की आजीविका को देखते हुए उनके लिए वैकल्पिक जगह तलाश करें।

कोर्ट ने यह भी कहा कि रांची शहर में ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक सड़क को ही पार्किंग स्थल बना देते हैं और सड़क का अतिक्रमण करते हैं इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। कोर्ट ने ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा चालकों के लिए निर्धारित किए गए ड्रेस कोड का अनुपालन करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए सरकार को एक रेगुलेशन बनानी चाहिए ताकि जो ऑटो या ई रिक्शा चालक ड्रेस कोड का अनुपालन नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ कानूनी रूप से कार्रवाई हो सके। मेन रोड में लोग सड़कों के किनारे अपने वाहन लगा देते हैं जिससे रोज जाम की स्थिति देखने को मिलती है। जाम से निपटने के लिए लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा उन्हें कोई भी खरीदारी करने के लिए मेन रोड में जाने की मानसिकता से बचना होगा।

## संत जेवियर्स कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



**स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन होता है : फादर एन. लकड़ा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कॉलेज परिसर में अगले तीन दिनों तक बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे इंडोर खेल का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एसजे ने खेल का उद्घाटन करते हुए कहा कि स्वस्थ दिमाग के लिए स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक जो कि हमें शारीरिक मेहनत करने से होगा। इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने भी कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज परिसर में बेहतर वातावरण तैयार है। विद्यार्थी इसका भरपूर लाभ लेते हैं और स्पोर्ट्स के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं। पहले दिन के खेल में कॉलेज के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने जमकर इसका लुफ्त उठाया। मौके पर कॉलेज के उप प्राचार्य (इवनिंग) डॉ. फादर अजय मिंज, एसजे, रजिस्ट्रार डॉ. फादर केनेडी सोरेंग, एसजे, स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. राम मुर्मू, डॉ. धीरजमणि पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

# गौतम अदाणी बने भारत के सबसे अमीर व्यक्ति

**अंबानी को पछाड़ा**

**अदाणी की नेटवर्थ 11.6 लाख करोड़ रुपये,2024 हुरुन इंडिया रिच लिस्ट का दावा**

**अभिनेता शाहरुख खान ने 7,300 करोड़ रुपये की अनुमानित संपत्ति के साथ लिस्ट में**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के कारण हुए नुकसान की भरपाई करते हुए, गौतम अडानी की नेटवर्थ पिछले साल 95% बढ़कर 11.6 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिससे उन्हें मुकेश अंबानी की जगह सबसे अमीर भारतीय बनने में मदद मिली। 2024 हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अंबानी की कुल नेटवर्थ 25% बढ़कर 10.14 लाख करोड़ रुपये हो गई। 2023 की रिपोर्ट में अदाणी की संपत्ति 57% घटकर 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गई और अंबानी 8.08 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ काफी आगे रहे। अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए कई आरोपों के बाद अदाणी की नेटवर्थ में तेजी से गिरावट आई है लेकिन समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया है। 2014 के एडिशन में, हुरुन ने अदाणी की संपत्ति 44,000 करोड़ रुपये आंकी थी, जिसने उन्हें तब, दसवां सबसे अमीर भारतीय बना दिया था। एचसीएल के शिव नाडर और उनका परिवार 2024 में 3.14 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ एक स्थान के फायदे के साथ तीसरे सबसे अमीर बन गए, जबकि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस पूनावाला 2.89 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए। सन फार्मास्यूटिकल्स के दिलीप सांघवी ने 2.50 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ पिछले साल छठे स्थान के मुकाबले पांचवां सबसे अमीर का टैग हासिल करते हुए लिस्ट में अपनी बढ़त जारी रखी। स्व-निर्मित महिलाओं में जोहो की राधा वेम्बू 47,500 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे धनी थीं, जबकि जेप्टो के सह-संस्थापक कैवल्य वोहरा और आदित पालीचा, जो लगभग 20 वर्ष के हैं, 3,600 रुपये और 4,300 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ लिस्ट में सबसे कम उम्र के थे। लिस्ट, जिसमें 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले भारतीयों को शामिल किया गया है। 2024 में ये संख्या 1,539 हो गई है इसमें 220 व्यक्ति नए भी जुड़ गए है। साल में संचयी संपत्ति में 46% की वृद्धि देखी गई है। अभिनेता शाहरुख खान ने 7,300 करोड़ रुपये की अनुमानित संपत्ति के साथ लिस्ट में अपनी शुरूआत की, जो उनकी बिजनेस पार्टनर जूही चावला की तुलना में बहुत अधिक थी, जिनकी 4,600 करोड़ रुपये की नेटवर्थ ने एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में दूसरा स्थान हासिल किया। दिलचस्प बात यह है कि 16 पेशेवरों ने भी लिस्ट में जगह बनाई है, अरिस्टा नेटवर्क्स की मुख्य कार्यकारी जयश्री उल्लाल 32,100 करोड़ रुपये के साथ सबसे अमीर हैं और डी-मार्ट के मुख्य कार्यकारी इग्नाटियस नाविल नोरोन्हा 6,900 करोड़ रुपये के साथ दूसरे स्थान पर हैं। लिस्ट के मुताबिक में कहा गया है कि गेरा डेवलपमेंट्स के कुमार प्रीतमदास गेरा की संपत्ति 2024 की सूची में सबसे तेजी से 566% बढ़ी, जबकि अंबानी और अदाणी की संपत्ति के हिसाब से सबसे बड़ी वृद्धि हुई।

## श्रीलक्ष्मीवेंकटेश्वर मंदिर में भाद्रपद कृष्णपक्ष की नामवाली एकादशी व्रत मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को पहाड़ी मन्दिर के निकवर्ती श्रीलक्ष्मीवेंकटेश्वर (तिरुपति - बालाजी) मन्दिर में भाद्रपद कृष्णपक्ष की 'अजा' नामवाली एकादशी व्रत मनाया गया। इस एकादशी को 'जया' के नाम से भी जाना जाता है। यह परम पवित्र और समस्त पापों को नाश करनेवाली एकादशी के उपलक्ष्य पर कलिमलहारी परमात्मा श्रीवेंकटेश्वर का तिरुमञ्जनानुष्ठान के तहत वृहद विधान पूर्वक महाभिषेक हुआ। विविध प्रकार से उपचार आदि के बाद महाआरती, नैवेद्य और महास्तुति हुई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि एकादशी व्रत करके भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का पूजन करने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। विख्यात चक्रवर्ती राजा सत्यप्रतिज्ञ हरिश्चन्द्र ने राज्य से च्युत होने पर गौतम महर्षि के कहने पर यह व्रत किया। व्रत के प्रभाव से राजा सारे दुखों से पार हो गये। उन्हें पत्नी का सन्निधान और पुत्र का जीवन मिल



गया। एकादशी के प्रभाव से राजा हरिश्चन्द ने अकण्टक राज्य प्राप्त कर लिया। ब्रशत्या आदि सारे पाप एकादशी के दिन चावल (भात) का आश्रय लेकर रहते हैं। इसलिए इस दिन भात न खायें। दशमी युक्त एकादशी का व्रत नहीं करना चाहिए, उसके घर से श्रीलक्ष्मीजी शाप देकर निकल जाती हैं। ब्रशवैवर्त पुराण में बताया गया है कि दशमी युक्त एकादशी का व्रत करने वालो के वंश की और यश की हानि होती है। जिस दिन दशमी, एकादशी और द्वादशी तीनों तिथियाँ हो, उस दिन भोजन करके दूसरे दिन उपवास-व्रत करना चाहिए। ऐसे में द्वादशी को व्रत करके त्रयोदशी को पारण करना चाहिए। उस दशा में व्रती को द्वादशी - उलंघन का दोष नहीं लगता है।

## कृषि एवं उद्योग विभाग की स्थाई समिति की बैठक आयोजित



रांची। कृषि एवं उद्योग विभाग की स्थाई समिति की बैठक शुक्रवार को सभापति आदिल अजीम की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागर में हुई। आदिल अजीम ने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया काम में तेजी लाएं। खाद एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा की गयी। कृषकों को डीएपी का उपयोग कम कर जैविक खाद (जैविक खेती) का उपयोग करने हेतु सलाह देने संबंधी चर्चा की गयी, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु केंपेन आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गयी। सभी खंड और पंचायत से मिट्टी की जांच कराई जा रही है जिससे किसानों को जानकारी मिलेगी किस जमीन पीआर और कितना खाद देना है। साथ ही समस्त विभाग की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली गयी। मौके पर जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, स्थाई समिति के सभी सदस्य, जिला के सभी विभाग के जिला पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# स्मार्ट सिटी के अंदर खुद की सीवरेज व ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था होनी चाहिए : हाई कोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा है कि एचईसी क्षेत्र में बने रहे स्मार्ट सिटी के अंदर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रोविजन किया गया है या नहीं? स्मार्ट सिटी के नक्शा पास किए जाने के दौरान इसके अंदर ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था रखी गई है या नहीं। कोर्ट ने मौखिक कहा स्मार्ट सिटी की गंदगी आप बाहर नहीं फेंक सकते। इससे पहला राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार को रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज टू, थ्री और फोर का काम करना है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए रांची जिला प्रशासन ने 7 जगह पर जमीन चिन्हित किए हैं। इसमें से तीन चिन्हित जगह की जमीन एचईसी क्षेत्र में आती है, जबकि चार चिन्हित जमीन राज्य सरकार के अंतर्गत आती है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए एक चिन्हित जमीन स्मार्ट सिटी के बगल में है।



इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि स्मार्ट सिटी के अंदर खुद की सीवरेज एवं ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था होनी चाहिए, उसकी गंदगी बाहर क्यों फेंका जाएगा? राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की जमीन के लिए एचईसी से नगर विकास विभाग को पत्र लिखा है लेकिन एचईसी का अब तक जवाब नहीं आया है। कोर्ट ने एचईसी के सीएमडी को नोटिस जारी कर पूछा है कि वह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए रांची जिला प्रशासन द्वारा एचईसी क्षेत्र में चिन्हित किए गए तीन जमीन को देने पर अपना क्या विचार रखती है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए चिन्हित चार जमीन के बारे में जवाब मांगा है।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि एचईसी इलाके में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 15- 15 एकड़ जमीन की जरूरत होगी। हाई कोर्ट ने रांची शहर में सीवरेज एवं ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई की। यहां बता दें कि रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए रांची नगर निगम काम कर रहा है। नगर निगम द्वारा फेज वन का 85% काम पूरा कर लिये जाने का दावा किया जा रहा है।

## खबर एक नजर में

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की गौ सेवा



रांची। मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा की सदस्यों ने हरमु रोड गौशाला में शुक्रवार को ग्यारस के उपलक्ष्य में गौ सेवा किया। इस सेवा कार्यक्रम में गौ माता को गुड, चोकर, खीरा, गाजर, और हरी सब्जियां खिलायी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशा सर्राफ, आशा संथोलिया, संयोजिका डॉली बंसल, शुभा अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल, कोमल पोदार, डॉली बंसल, पायल जैन, कविता जालान, वेदिका सिंघानिया मौजूद थीं।

### स्नातक युवाओं के लिए एनआईबीएम में नयी बैच



रांची। स्नातक युवा के लिए बैंकिंग संस्थान एनआईबीएम में स्नातक युवाओं के लिए नई बैच की शुरूआत की 2 सितंबर से की जायेगी। संस्थान के निर्देशक मनोज गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष लाखों युवा स्नातक पास करते हैं तथा उनके लिए बैंकिंग ,आईबीपीएस ,एसबीआई, आरबीआई ,नाबार्ड ,एसएससी रेलवे, स्टेट लेवल एसएससी में लाखों की नौकरियों के लिए प्रत्येक वर्ष रिक्तियां की घोषणा की जाती है। उन्होंने बताया कि 10+2,स्नातक, बीटेक पढ़ाई कर रहे युवा के सर्कुलर रोड साईं टावर रांची स्थित एनआईबीएम में इन सभी रिक्तियों के लिए विशेष बैच हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में 2 तथा 6 सितंबर से प्रारंभ की जा रही है । इस संस्थान में पढ़ाई गई प्रश्न विभिन्न परीक्षाओं में लगभग हूबहु पूछे जाते हैं तथा यहां फ्री लाइब्रेरी रीडिंग रूम के साथ शिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन नई पैटर्न पर पढ़ाई करवाई जाती है।

### संत जेवियर्स स्कूल में कविता-पाठ प्रतियोगिता आयोजित

रांची। संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा (जूनियर सेक्शन) में अंग्रेजी एवं हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य फादर फुलदेव सोरेंग एस० जे० ने छात्रों को दिए गए संदेश में कहा कि कविता शक्तिशाली भावनाओं का सहज अतिप्रवाह है। यह एक हृदय से निकलकर दूसरे हृदय तक पहुँचती है। उन्होंने अपने भाषण में सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएँ दीं। जूनियर सेक्शन की कक्षा के०जी० से कक्षा पाँच तक के विद्यार्थियों ने कविता-पाठ में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने प्रसिद्ध कविताओं के साथ-साथ समकालीन विषयों की कविताओं का भी चयन किया और उन्होंने अपनी मीठी आवाज में सुंदर उच्चारण, भाव-अभिव्यक्ति एवं सशक्त वाणी से सभी को अभिभूत कर दिया। विभिन्न विद्यालयों से आईं शिक्षिकाओं ने निर्णायक के रूप में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा तीन के दान माहेश्वरी को अंग्रेजी का तथा कक्षा पाँच के शिलोह पॉल लकड़ा को हिंदी का सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया। फादर विक्टर टकर मेमोरियल शील्ड कक्षा तृतीय और डॉक्टर फादर कामिल बुल्के शील्ड कक्षा पंचम के छात्रों ने जीता। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के उप-प्राचार्य फादर रोशन एस जे,कोऑर्डिनेटर सुनैना आदि शिक्षाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### भाजपा बनी मोदी वाशिंग पाउडर : नायक



रांची। भाजपा बनी मोदी वाशिंग पाउडर दूसरे दलों के नेताओं को वाशिंग कर मिस्टर क्लीन बनाकर सबको भाजपा जॉइन कराने का कार्य कर रही है। ये बातें शुक्रवार को प्रेस वयान जारी कर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधान सभा प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने झामुमो नेता सह पूर्व सीएम चम्पई सोरेन के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर अपने प्रतिक्रिया देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि एक सोची समझी योजना के तहत वह झारखंड के नेताओ को आगे रख कर वोट के लिए सिर्फ उपयोग और एक्सपेरिमेंट कर देखना चाहती है वोट मिला तो ठीक अन्यथा दूध से मक्खी की तरह निकालना जानती है जिसका उदाहरण सुरज मंडल, बाबु लाल मरांडी, हेमलाल मुर्मू को देखा जा सकता है।

### सोनाहातू में जेएलकेएम की बैठक आयोजित

सोनाहातू। प्रखंड में जेबीकेएसएस / जेएलकेएम की बैठक सेवाराम महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 1 सितम्बर को आयोजित भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातू से लोटा- सिल्ली शहादत स्थल तक न्याय अधिकार सह झारखंड नवनिर्माण यात्रा की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जेबीकेएसएस /जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो उपस्थित होकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रखंड के 14 पंचायत में आयोजन को लेकर प्रभारी नियुक्त किया। बैठक में सभी पंचायत के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मोनेट कोल वाशरी में प्रदूषण पर्यावरण जांच एजेंसियों का आना, हजारों मजदूरों का रोजगार छीनने के बराबर : मोर्चा



खलारी। एनके एरिया अंतर्गत मोनेट डेनियल कोलवाशरी में प्रदूषण फैलाने के नाम पर लगातार प्रदूषण पर्यावरण जांच एजेंसियां पहुंचकर कई तरह के नियम व शर्ते रख रही हैं। जिसको लेकर कयास लगाया जा रहा है कि लगातार अगर मोनेट कोलवाशरी में जांच एजेंसियां आती रहीं तो मोनेट को अपना बोरिया बिस्तर समेट कर पंजाब के लिए रवाना होना पड़ेगा। इससे आहत होकर मोनेट कोलवाशरी में कार्य कर रहे लगभग 20 हजार से अधिक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लोग प्रभावित हो जाएंगे। इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय सैकड़ों मजदूरों ने गुरुवार को वाशरी परिसर में रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वाशरी के मजदूरों ने बताया कि कुछ लोगों के षड्यंत्र के तहत मोनेट कोल वाशरी के खिलाफ दुष्प्रचार कर इसे बंद कराने की साजिश की जा रही है। बार-बार वाशरी पर प्रदूषण एवं पर्यावरण को लेकर हमला किया जा रहा है, जबकि प्रदूषण नियंत्रण के सारे उपाय किए गये हैं। जान बूझकर इसे बंद कराने की योजना तैयार की जा रही है। यदि ऐसा होता है तो हजारों मजदूर सड़क पर आ जाएंगे और रोजगार खत्म हो जाएगा। कंपनी को बंद करने की साजिश रचने वाले लोगों के घरों के बाहर सभी मजदूर धरना पर बैठ जाएंगे। इसके लिए मोर्चा सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को तैयार है। इस मौके पर रामलखन गंझू, नरेश गंझू, श्याम उरांव, इस्माइल अंसारी, बुधनी देवी, रीता देवी, फूलमनी रीता, विजय गंझू, मेहताब आलम, बिहारी लोहार, राजकुमार शर्मा, मिथिलेश चौहान, सुरेश महतो, पवन गंझू, सुनील गंझू, अनिल तुरी, धनराज मिस्त्री, सुरेश महतो, सावित्री देवी समेत सैकड़ों की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआई परिवार के चार सेवानिवृत्त सदस्यों को किया गया सम्मानित

**संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में विदाई-सह-सम्मान समारोह का किया गया आयोजन**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएमपीडीआई परिवार के चार सदस्यों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शुक्रवार को संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें राजेन्द्र पांड्या-महाप्रबंधक (भूविज्ञान), सुभाष विश्वास-महाप्रबंधक (ईएंडएम), प्रवीण कुमार- वरीय डाटा इंट्री आपरेटर एवं प्रदीप कुमार श्रीवास्तव-उच्च वर्गीय लिपिक को विदाई दी गई।

इस मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्षगण ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि केबी शिरोमणि, प्रलय भट्टाचार्यी, टुकलाल एवं सौविक मुखर्जी तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि विक्रांत गुप्ता ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) सुमन रस्तोगी, मंच का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने किया।

## फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर के नये सत्र का चुनाव 22 सितंबर को

**उम्मीदवार 9 सितंबर को कार्यालय अवधि के दौरान से 10 सितंबर को शाम 4 बजे तक कर सकते हैं अपना नामांकन दाखिल**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के नये सत्र 2024-25 का चुनाव रविवार, 22 सितंबर 2024 को गुरूनानक स्कूल सभागार, रांची में होगा। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। उम्मीदवार 9 सितंबर को कार्यालय अवधि के दौरान से 10 सितंबर को शाम 4 बजे तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन वापसी की तिथि 12 सितंबर को शाम 4 बजे तक निर्धारित है। नामांकन वापसी के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूचि का प्रकाशन किया जायेगा। चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर आज चैंबर भवन में चुनाव कमिटी की बैठक हुई। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया ने कहा कि कंपनी लॉ के नियमानुसार उम्मीदवारों को नामांकन प्रपत्र के साथ डिन नंबर देना अनिवार्य है। नामांकन के साथ डिन नंबर नहीं होने की स्थिति में आवेदन रद्द कर दिया जायेगा। इस बार डिन जमा करने के लिए उम्मीदवारों को कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा। इसलिए जिन सदस्यों को चुनाव में अपनी भागीदारी देनी है, उनके पास डिन नंबर हो, यह जरूर सुनिश्ति कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि 20 सितंबर तक उम्मीदवार अपना चुनावी प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। 20 सितंबर की रात 10 बजे के बाद किसी भी तरह का प्रचार प्रसार पूरी तरह वर्जित रहेगा। चुनाव के को-चेयरमेन अंचल किंगर ने अवगत कराया कि इस चुनाव में कुल 3909 मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल होंगे। चैंबर की सदस्यता सूचि के अनुसार 3656 लाईफ मेंबर, 156 जेनरल मेंबर, 83 सम्बद्ध संस्थाएं, 11 कॉरपोरेट मेंबर और 3 पैट्रोन सदस्य हैं। जेनरल, कॉरपोरेट और सम्बद्ध संस्थाओं से यह अपील की गई कि वे चुनाव से पूर्व सदस्यता शुल्क का ड्यूज यदि बकाया है, तो उसका भुगतान कर लें। ड्यूज बकाया होने की स्थिति में मतदान से वंचित किया जा सकता है। प्रत्येक सदस्य को एक वोट करने का अधिकार है। केवल सम्बद्ध संस्थाओं को ही दो वोट देने का अधिकार है। चुनाव समिति द्वारा सदस्यों से मतदान स्थल गुरूनानक स्कूल परिसर में साफ-सफाई में विशेष सहयोग करने और किसी भी तरह के नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने की अपील की गई। यह जानकारी ललित केडिया चेयरमेन, चुनाव समिति और को-चेयरमेन, चुनाव समिति अंचल किंगर ने दी।

## मात्र 22 लाख बकाये का भुगतान नहीं किया एचईसी का एसबीआई धुर्वा का एकाउंट फ्रीज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। एचईसी का एसबीआई धुर्वा ब्रांच स्थित एकाउंट को फ्रीज करने की कार्रवाई शुक्रवार को गयी। रांची सिविल कोर्ट के सब जज 1 चंद्रभानु कुमार की अदालत ने एमएसएमई की एक कंपनी का बकाया भुगतान नहीं करने के एक मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के धुर्वा ब्रांच में एचईसी का एकाउंट फ्रीज करने का आदेश दिया। वादी के अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मामला 2017-18 का है, दयानंद इंजीनियरिंग प्राइवेट लि., जो मुजफ्फरनगर यूपी की एमएसएमई कंपनी है, उसने एचईसी को कुछ सामानों की आपूर्ति की थी, जिसका बाजार मूल्य आज के दिन लगभग 22 लाख रुपये है। लेकिन वर्षों तक उसका भुगतान नहीं किया गया।

**स्मॉल स्केल इंडस्ट्री के ट्रिब्यूनल ने दयानंद इंजीनियरिंग के पक्ष में दिया था फैसला**

इस संबंध में स्मॉल स्केल इंडस्ट्री के ट्रिब्यूनल ने दयानंद इंजीनियरिंग के पक्ष में एचईसी को बकाया भुगतान करने का आदेश दिया था। लेकिन आदेश के बाद भी भुगतान नहीं करने पर दयानंद इंजीनियरिंग ने रांची सिविल कोर्ट में एग्जीक्यूशन फाइल कर दिया। नोटिस के बाद भी एचईसी से कोई जवाब नहीं आया। जिसपर कोर्ट ने कार्रवाई करते हुए एचईसी का एसबीआई धुर्वा ब्रांच का एकाउंट फ्रीज करने का आदेश दिया। शुक्रवार को नजारत की टीम ने रजिस्ट्रार से परमिशन लेकर धुर्वा एसबीआई ब्रांच पहुंचकर एकाउंट फ्रीज करने की कार्रवाई की।

# 27वें एक्सपो उत्सव के लिए कार्यालय का उद्घाटन

**जेसीआई ने एक्सपो मेले की तैयारियों को लेकर की बैठक**

**मोराबादी मैदान में 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक लगेगा एक्सपो मेला**



**एक्सपो में रोज नये-नये इवेंट्स भी होंगे**

एक्सपो के मीडिया प्रभारी जेसी प्रतीक जैन ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो में ऑटोमोबाइल्स के सभी बड़े ब्रांड अपने स्टाल लगा रहे हैं एवं एक्सपो को बिल्कुल नये रूप में पेश करने की तैयारी की जा रही है। ऑटो जोन के अलावा फर्नीचर जोन, महिलाओं के लिए खास पिंक हेंगर, फूड जोन, स्टार्ट अप जोन, एम्यूजमेंट पार्क आदि भी रहेंगे। एक्सपो में रोज नये-नये इवेंट्स भी होंगे।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जेसीआई ने अपने 27वें एक्सपो उत्सव के कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को कॉमर्स टावर, लाइन टैंक रोड स्थित किया। अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर के बीच मोराबादी मैदान रांची में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश-विदेश के 350 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल एक्सपो में लगाएंगे। एक्सपो के मुख्य संयोजक जेसी श्याम अनुराग ने बताया कि कार्यालय में अब प्रतिदिन पदाधिकारी एवं सदस्यगण एकत्रित होंगे एवं एक्सपो की तैयारी की चर्चा करेंगे और एक्सपो की बेहतरी के लिए योजना बनाए जाएंगे एवं टीम को उनके कार्यों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि हर साल एक्सपो 5 दिनों का होता है, पर इस साल झारखंड का यह बहुचर्चित कंज्यूमर फेयर 7 दिनों का होगा। इस मौके पर सचिव मयंक अग्रवाल, अभिषेक केडिया, मनीष रामसिसरिया, आनंद धानुका, नारायण मुरारका,अभिनव मंत्री, गौरव अग्रवाल अमित खोवाल, संजय जैन व सदस्य उपस्थित थे।

## जीडी गोयनका विद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन

रांची। जीडी गोयनका विद्यालय के परिसर में शुक्रवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कवि सम्मेलन कविता द्वारा भाव की अभिव्यक्ति के साथ-साथ अंतर सदन प्रतियोगिता भी थी। साहित्य क्षेत्र के सुप्रसिद्ध हस्ती डॉक्टर कमल कुमार बोस और राकेश रमण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कवि सम्मेलन में सभी छात्रों ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। कक्षा तीन से पांच तक में विवेकानंद तथा कक्षा छह से आठ तक में टेरेसा हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथिगणों ने छात्रों को उनके कविता लेखन के लिए सराहा तथा कविता लेखन में भाषा, शैली और भावाभिव्यक्ति के विषय में जानकारी प्रदान की। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा-कविता न केवल भाव की अभिव्यक्ति है, अपितु मनुष्य को समाज और संस्कृति दोनों से जोड़ने का कार्य करती है। कविता लेखन से छात्रों के अंदर सृजनात्मक क्षमता उत्पन्न होती है। विद्यालय के उपनिदेशक अमन सिंह ने कवि सम्मेलन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कविता लिखने वाले और पाठक दोनों के अंदर भी रचनात्मकता उत्पन्न करती है।

# बीओआई में अटल पेंशन योजना का राज्य स्तरीय समीक्षा कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। अटल पेंशन योजना की राज्य स्तरीय समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन एसएलबीसी और पीएफआरडीए के द्वारा पारस्परिक रूप से शुक्रवार को होटल रैनबो लालपुर में हुआ। बैठक में पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के प्रधान कार्यालय, दिल्ली से पूर्णकालिक सदस्य, श्रीमती ममता शंकर विशेष रूप से मौजूद थी।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक बैंक आफ इंडिया के उप महाप्रर्बंधक सीएच गोपाला कृष्ण ने अपने संबोधन में सभी जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधकों एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों, आरबीआई एवं नाबार्ड के उच्चाधिकारियों तथा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। साथ ही उन्होने सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों से वित्त वर्ष 2023-24 में एपीवाई के कुल लक्ष्य के विरुद्ध 158% की उपलब्धि के लिए सभी स्टेक होल्डेर्स को बधाई दी। आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक, अल्फ्रेड गिरीश तिर्की ने कहा कि अटल पेंशन योजना का उल्लेखनीय पहलू इसकी समावेशिता है। उन्होंने आगे कहा कि एपीवाई 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी नागरिकों के लिए खुला है, चाहे उनकी आय का स्तर या रोजगार की स्थिति कुछ भी हो। मुख्य परिचालन अधिकारी, जेएसएलपीएस, बिष्णु चरण परिडा ने कहा कि एपीवाई एक महत्वपूर्ण पहल है जो झारखंड में लाखों व्यक्तियों के जीवन को बदलने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की शक्ति रखती है।

पीएफआरडीए की पूर्णकालिक सदस्य ममता शंकर ने अटल पेंशन योजना नामांकन में लैंगिक समावेशन के बारे में बात की, जो झारखंड जैसे राज्य के लिए बहुत प्रासंगिक होगा जहां महिलाएं असंगठित क्षेत्र में प्रमुख कार्यबल हैं। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति झारखण्ड को अटल पेंशन योजना मे पीएफआरडीए द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में मध्यम श्रेणी के तहत अवार्ड ऑफ एक्सलेंस के रूप मे सम्मानित किया गया है।

बैठक के अंतिम सत्र में पीएफआरडीए के उप महाप्रबंधक, प्रियंका गुप्ता के द्वारा पीपीटी के माध्यम से एक बिजनेस समीक्षा के द्वारा झारखंड राज्य में बैंक और जिला के प्रदर्शन पर परिचर्चा हुई। वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला में पाकुर, साहिबगंज, लातेहार एवं चतरा को पीएफआरडीए द्वारा अवार्ड ऑफ एक्सलेन्स से नवाजा गया। वहीं बैंक में झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, एस.बी.आई, बैंक ऑफ इंडिया एवं कोटक महिंद्रा बैंक को भी अवार्ड ऑफ एक्सलेन्स से पुरस्कृत्त किया गया। सभा का समापन झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के सहायक महाप्रबंधक संजय कुमार के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया गया।

# डीएवी राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स, हॉकी, तैराकी प्रतियोगिता की हुई शरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स हॉकी, कुश्ती और तैराकी प्रतियोगिता की विधिवत शुरूआत मोरहाबादी मैदान और सफायर गार्डन तैराकी एरीना में शुक्रवार को हुई। दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय आईजी और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अखिलेश झा ने खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत की। मौके पर छात्र-छात्राओं ने भारतीय नृत्य के माध्यम से मन मोह लिया। मौके पर स्वागत गान और मार्च पास्ट भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में डीएवी झारखंड जोन बी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू के प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि खेल हमें हार से उबरना सिखाता है और जीत को भी स्वीकारना सिखाता है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे काम करने चाहिए जिससे पहचान बन जाए और ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे निशान बन जाए। उन्होंने कहा डीएवी शिक्षा के साथ साथ देश के लिए खिलाड़ी भी तैयार कर रहा है। यह गर्व की बात है कि मनु भाकर, सरबजोत और नीरज चोपड़ा डीएवी के छात्र रहे हैं। यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं के अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें डीएवी झारखंड में सभी 10 जोनों के क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय आने वाले प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर डीएवी जोन ए के एआरओ ओपी मिश्रा,डीएवी हेहल के प्राचार्य सह जोन जे के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एस के मिश्रा, डीएवी बोकारो जोन के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी विपिन राय, डीएवी भरेच नगर के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी निशिकांत कर, डीएवी पुनदाग के प्राचार्य एस के मिश्रा, डीएवी नीरजा सहाय की प्राचार्य किरण यादव, डीएवी बारियातू के प्राचार्य डॉ तापस घोष, डीएवी बिष्टुपुर की प्राचार्या मती प्रज्ञा सिंह समेत समाजसेवी शत्रुघ्न लाल गुप्ता, डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू के एल एम सी चेयरमैन कपिल देव गिरि, विभिन्न प्रक्षेत्रों के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी, प्राचार्य, खिलाड़ी और शिक्षक मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के पतरातू गांव निवासी रमजान अंसारी के पुत्र मोजाहिर अंसारी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विदित हो कि गिरफ्तार आरोपी समेत अन्य आरोपियों ने गांव के ही रफीक आलम के साथ मारपीट व लूटपाट किया था। थाना प्रभारी विनित कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को ठाकुरगांव बैंक मोड़ से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया।

## सिमलिया गुटूटोली से बाइक की चोरी

**रातू।** सिमलिया गुटुटोली निवासी चेंगा उरांव की होंडा कंपनी की बाईक जेएच 01 बीजी 3028 को शुक्रवार की दोपहर अज्ञात अपराधियों ने चोरी कर ली। गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जानकारी मुताबिक, श्री उरांव दिन के करीब 12 बजे घर के आंगन में बाईक खड़ी कर खाना खाने के लिये अंदर गये। एक घंटे बाद बाहर निकले, तो बाइक को गायब पाकर उनके होश उड़ गये। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## अबुआ आवास के लिए पैसे लिये जाने की अफवाह को लेकर बैठक

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के उरूगुटू पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अबुआ आवास योजना में पैसा लिये जाने के अफवाह के निराकरण के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया कि उरूगुटू गांव के एक व्यक्ति द्वारा निजी स्वार्थ के तहत यह अफवाह फैलायी गई। अफवाह को बीडीओ के द्वारा जांच किया गया। जांच में आरोप मात्र एक अफवाह निकली। बैठक में तय किया गया कि अबुवा आवास योजना में जिन योग्य लाभुकों का नाम कटा है उनका नाम फिर से जोड़ा जाए और अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक के कार्यवाही की लिखित सूचना उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, बीडीओ व थाना प्रभारी को भी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से देवेंद्र महली, छतिस्वर महतो, गुदन देवी, मोनिका देवी, सुशील कुमार, शिवशंकर महतो, राजेश महतो सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## बालू लदा हाइवा पलटा चालक की मौत

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के हाहे राहे सड़क पर जरगा गांव के पास शुक्रवार को एक अवैध बालू परिवहन कर रहे हाईवा ट्रक के पलटने से चालक विपीन महतो की हाईवा में दबकर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हाईवा ट्रक न० जेएच01बीजेड7370 रात के अंधेरे में बालू लाद कर राहे हाहे रोड से टाटी सिलवे की ओर आ रही थी इसी बीच अहले सुबह करीब साढ़े छह बजे हाइवा का ब्रेक फेल हो गया ढलान होने के कारण ट्रक का संतुलन खराब हो गया । संतुलन खराब होता देख जान बचाने के लिए चालक दाहिने की तरफ वाहन से कूदा जबकि खलासी बायीं ओर कूदा, लेकिन ट्रक असंतुलित होकर पलट गया जिससे उसके सिर में गम्भीर चोट लगने से मौके पर हीं उसकी मौत हो गयी।

# नौकरी के लिए छात्र गया था पलामू घर पहुंचा शव

### पढ़ाई के साथ-साथ करता था मजदूरी

### उत्पाद सिपाही दौड़ में बेहोश होकर गिरने से हुई युवक की मौत



मृतक छात्र के घर पहुंचे उसके दोस्त व ग्रामीण और इनसेट में युवक की फाइल फोटो।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के सांती निवासी देवीलाल महतो का बेटा अजय कुमार 22 वर्ष नौकरी के लिए उत्पाद सिपाही की दौड़ में शामिल होने पलामू गया था, लेकिन गांव उसका शव पहुंचा। पलामू में झारखंड राज्य चयन आयोग द्वारा 29 अगस्त को दौड़ आयोजन किया गया था। आरटीसी इंटर कॉलेज ओरमांझी का छात्र अजय कुमार भी उसमें शामिल होने गया था। बताया गया कि वह दौड़ पूरा करते ही वह बेहोस होकर गिर पड़ा। उसे उठाकर उपचार के लिए डालटेनगंज के एक अस्पताल में ले जाया गया। तबियत बिगड़ने पर रात में ही वहां से उसे बेहतर उपचार के लिए रिम्स ले जाया गया। जहां 30 अगस्त की सुबह सात बजे उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही सदमा पंचायत के मुखिया सुनील उरांव सहित कई लोग पहुंचे। बताया अजय कुमार का लक्ष्य देष सेवा में जाने की थी। वह पढ़ाई के साथ रामकृष्ण मिषन मोराबादी में 10 हजार माह पर मजदूरी भी करता था और प्रति दिन अपने दोस्तों के साथ दौड़ने जाता था। 2023 में वह आर्मी में जाने के लिए दौड़ में भाग लिया था। वह दौड़ में सफल भी हो गया था। लेकिन मेडिकल में छट गया। एक होनहार युवक की असमय मौत से पूरा गांव के लोग दुखी हैं।

### तीन माह में दो भाई की हुई मौत

घटना की सूचना मिलते ही युवक के घर में गांव वालों की भीड़ लग गई। वहीं अजय कुमार के साथ पढ़ने व दौड़ने वाले छात्र रंथू महतो, संजय मुंडा, अनिल कुमार, सूरज महतो, संतोष उरांव, रामचंद्र मुंडा, नरेष कुमार, शिवम कुमार, राहूल कुमार, रितिक लोहरा, रंजीत यादव, कलदीप महतो, किशोर प्रजापति, राहूल उरांव, कुलदीप उराव व छटू उरांव सहित कई लोग पहुंचे। दोस्त के मौत से सभी काफी दुखी थे। बताया कि तीन माह पूर्व युवक का बड़ा भाई संजय महतो 25 वर्ष की भी मौत सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मां बुधनी देवी की मौत पहले ही हो चूकी है। वृद्ध पिता राजमिस्त्री व उसका दोनो छोटे भाई अंकित कुमार 17 वर्ष व आर्यन कुमार सात वर्ष का उम्मीद अजय ही था। मुखिया व गांव वालों के साथ मृतक के दोस्तो द्वारा सरकार से मुआवजा की मांग की गई है।

## शारीरिक परीक्षा में दर्जनों अभ्यर्थी घायल

### जगुआर कैंप में उत्पाद विभाग के जवानों की भर्ती प्रक्रिया

**रातू।** राजधानी से सटे टेंडर स्थित जगुआर कैंप में 22 अगस्त से उत्पाद विभाग में जवानों की भर्ती के लिये प्रक्रिया चल रही है, जो 4 सितंबर तक चलेगा। एसपी और बोर्ड के चेयरमैन आलोक प्रियदर्शी की देख-रेख में हो रही शारीरिक परीक्षा के दौरान अब तक दर्जनों अभ्यर्थी जख्मी हो चुके हैं। इसमें कांके के अमर मुंडा समेत देवेंद्र कुमार, विवेक कुमार, पंकज कुमार यादव, विक्रम कुमार, गोपी नायक व सुरज कुमार गुप्ता आदि शामिल हैं। इलाज के लिये इन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। जहां उनकी स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कश्यप ने बताया कि पूर्व प्रैक्टिश न होने की वजह से अधिकांश युवकों का ऑक्सीजन लेबल नीचे चला गया है। थकान के कारण उनमें बेहोशी की शिकायत आ गयी है। जानकारी के मुताबिक राज्य में 183 पद के लिये बहाली होनी है। इसके लिये 5 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने फार्म भरकर भाग्य आजमा रहे हैं।

## एक नजर में

### रातू : भाजपा नेता ने थानेदार से की मुलाकात



**रातू।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष इमरान खान और नौजवान मुहर्रम कमेटी, हुरहुरी के अध्यक्ष तनवीर हसन ने थानेदार आरएन सिंह से शिष्टाचार भेंट की और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस बीच उन्हें गांव में 1 सितंबर को आयोजित चेहल्लुम जुलूस और मेला में बतौर अतिथि शामिल होने का न्योता दिया। विधि-व्यवस्था में सहयोग की भी अपील की। श्री सिंह ने उनका का अभिवादन और न्योता स्वीकार करते हुये जुलूस में शरीक होकर सुरक्षा व्यवस्था में मदद का भरोसा दिलाया।

### ऑक्सब्रिज स्कूल में इंटर हाउस खेलकूद



**मांडर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में शुक्रवार को दो दिवसीय इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन्न किया गया। इस प्रतियोगिता का समापन्न विद्यालय के निदेशक तौफीक आलम द्वारा किया गया। ईस अवसर पर तौफीक आलम ने कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी बहुत ही महत्व है। खेलकूद से शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकाश भी होता है। दूसरी ओर खेलकूद के क्षेत्र में भी बहुत सारे संभावनाएं खुल चुकी है आज झारखंड के छोटे से कोने से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस खेल कूद में स्कूल के चारों हाउस के बीच विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसकी समाप्ति पर विजेताओं को मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत करते हुए उनकी हौसला अफजाई की जाएगी। वहीं कार्यक्रम की समापन्न के दौरान ही स्कूल की प्राचार्य ईवोन एक्का ने स्कूल के शारीरिक शिक्षक क्रेस्टो सिंह का आभार जाताया।

## इटकी पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**इटकी।** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशानुसार शुक्रवार को इटकी स्थित कौशल नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराध एवं इन अपराधों के रोकथाम को लेकर पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। बेड़ो डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर व इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने जागरूकता अभियान में अपराध, साइबर अपराध, बाल विवाह, मानव तस्करी व सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधान, से अवगत कराया गया। साथ ही छात्राओं के बीच डायल 112, 100 व साइबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज कराने को डायल 1930 और इटकी थाना अंतर्गत एटीएम बैंक का नंबर बताया गया।

# दहेज की खातिर विवाहिता से मारपीट

### रिम्स में चल रहा है इलाज, सिर और हाथ में आई चोटें

### बर्बरता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** दहेज की खातिर हुरहुरी की फरहा खातून को उसके ससुराल वालों ने बेरहमी से मारपीट कर जख्मी कर दिया। इससे उसके सिर, हाथ व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोटें आयी है। उसे रिम्स के न्यूरो सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां जिंदगी और मौत से जूझ रही है। मामले को लेकर पीड़िता के बयान पर पिठोरिया थाने में पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसमें सरफराज मल्लिक, एजाज मल्लिक, सेराज मल्लिक, श्वसुर हुसैन मल्लिक, सलेहा मल्लिक, गुलनाज खातून शामिल है। पुलिस जांच में जुट गयी है।

### क्या है मामला



सरफराज मल्लिक ने पत्नी फरहा खातून को बिना बताये तीन बच्चे की मां से प्रेम विवाह कर लिया। जबकि, उसकी पहली पत्नी से दो पुत्र फैज मल्लिक व ओवैस मल्लिक है। फरहा खातून की शादी वर्ष 2013 में पिठोरिया के उलातु निवासी हुसैन मल्लिक के पुत्र सरफराज मल्लिक के साथ हुई है। शादी के बाद से ही पति ने फरहा से अपने मायके से दहेज लाने का दबाव बनाने लगा। इसके लिये उसे शारीरिक और मानसिक यातनाएं देने का सिलसिला शुरू किया गया। इससे पूर्व भी कई बार उसके साथ मारपीट की गयी थी। 28 अगस्त की शाम सरफराज ने अपने घरवालो के साथ मिलकर कमरे में बंद कर लात, घुसे व लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दी।

## ओरमांझी में पारा शिक्षकों का प्रदर्शन

**ओरमांझी।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) चकला ओरमांझी में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के पारा शिक्षकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्षन किया गया। सरकार द्वारा पारित अध्यादेश के अनुसार प्रतिवर्ष सहायक अध्यापक का चार प्रतिषत राषि वृद्धि होना सुनिश्चित हुआ है। परंतु आठ महीने के बाद भी अभी तक बढ़ा हुआ मानदेय पारा षिक्षकों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे नाराज षिक्षकों अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी किया। चार प्रतिशत वार्षिक बुद्धि को लेकर पारा षिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सभी पारा षिक्षक प्रदर्षन को पहुंचे थें। बताया गया कि रांची जिला के अन्य प्रखंडों में बढ़ा हुआ मानदेय का भुगतान पहले ही हो चुका है। ओरमांझी प्रखंड में वृद्धि नही होने से सहायक षिक्षकों में भारी आक्रोश है। पारा षिक्षकों ने चेतावनी दी है कि अगले माह तक चार प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ मानदेय का भुगतान नहीं हुआ। सभी पारा षिक्षक उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगें। प्रदर्शन करने वालों में दर्जनों की संख्या में षिक्षक गण शामिल थे।


**AFFIDAVIT**

I, Arun Kumar Singh S/o Rajendra Singh, R/o Flat No. 402, 4th Floor, Omkara Hills Apartment, Gas Godown Road, Amethia Nagar, Mahuwa Toli, P.O.-Namkum, P.S.-Namkum, Ranchi (Jharkhand) have changed my son's name from Anmol Arun to **Anmol Arun Singh** as per **affidavit no. 96,** dated-21 June 2024.


## सिक्योरिटी के रूप में जमा ब्लैंक चेक में 20 लाख भरकर कराया बाउंस, मामला दर्ज

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के सामलोंग के रहनेवाले संजय साहु नें इंटरनेषनल मार्केटिंग कापोर्सेषन प्रा लिमिटेड लुधियाना के निदेषक एंव विधिक अधिकारी के विरूध उनके द्वारा कंपनी को सिक्योरिटी के रूप में दिए गए खाली चेक में कंपनी छोड देने के बाद उसमें बीस लाख रूप्ये की राषी भरकर उसे बांउस कराकर उनके उपर लुधियाना के डिविजन पांच थाने में गलत तथ्यों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कराने क आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए आवेदन में संजय ने बताया है कि वे सात सितंबर से पूर्व उत्त कंपनी में बिजनेस एषोसिएट के रूप में काम करते थे। उस दौरान अपना बिजनेस बढाने के लिए उन्होने कंपनी से बीस लाख रूप्ये का एडवांस लिया था और सिक्योरिटी के रूप में एक खाली चेक साईन कर कंपनी को दिया था। संजय ने बताया है कि उस बीस लाख रूप्ये को कंपनी द्वारा अलग अलग किष्तों में उनको देय पे आउट से काट ली गयी थी और उनके द्वारा चेक वापस नही लिया गया था। इधर सात सितंबर को उन्होने कंपनी से इस्तीफा दे दिया। कंपनी में बकाया नहीं रहने पर उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद केस दर्ज कराया गया।

## रातू में शिव महापुराण कथा का समापन, भंडारे में उमड़ी भीड़



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** झखराटांड़ स्थित राधा-कृष्ण डोल मंदिर परिसर में सात दिनी शिवमहापुराण कथा शुक्रवार की शाम हवन, पूजन व आरती के बाद पुणाहुति हो गयी। उत्तराखंड से आये संत श्री लक्ष्मी नारायणनंद जी महाराज ने अपनी अमृत वाणी से भक्तों को सरोबार किया। इस दौरान यहां का माहौल भक्तिमय रहा। मटकीफोड़ में झखराटांड़ की टीम ने बाजी मारी। मुंडाटोली को दूसरा स्थान मिला। आयोजन समिति की ओर से उन्हें क्रमशः 51 और 21 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। महाभंडारे में सैकड़ों की भीड़ उमड़ी। अतिथियों ने कमेटी को आर्थिक सहयोग भी दिया। पदधारी और सदस्यों ने महाराज जी को भावभीनी बिदाई दी।

### इन्होंने निभायी भूमिका

मोहन साहू, आनंद केशरी, राजेश सिंह, राजकिशोर साहू, रंजन साहू, सुरज सिंह, दिलबोधन साहू, उमेश साहू, रमेश साहू, मुन्ना साहू, तारकेश्वर केशरी, बड़े पाठक, संजय मुंडा, गोपाल नाथ शाहदेव, संजय साहू, पंकज साहू, संजय साहू, अमन साहू, सतीश साहू, उत्तम सिंह, प्रेम गोप, मन्नू कुमार, संजय गोप, विशाल साहू, सुरज साहू, विवेक पाठक, आकाश साहू व प्रमोद गोप आदि।

## राइफल शूटिंग में डीएवी के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** बाघवार एकेडमी के बच्चो ने शुक्रवार को डी ए वी हेहल में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। 10 मीटर एअर राइफल गर्ल्स में व्यक्तिगत और टीम दोनों में पहला स्थान प्राप्त कर दो गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। बताते चले कि उन्नति बाघवार 17 वर्ष के आयु वर्ग में खेलीं परंतु उसका व्यक्तिगत स्कोर तीनों आयु वर्गों 14,17 एवं 19 में सबसे अधिक था। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ट्रॉफी से भी उन्हें नवाजा गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर डीएवी नेशनल्स के लिए इन्होंने अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। उन्नति बाघवार डीएवी हेहल में कक्षा 8 की छात्रा है और चान्हों स्थित बाघवार एकेडमी के निदेशक अशोक बाघवार की पुत्री है। उन्नति बाघवार राइफल शूटिंग का प्रशिक्षण राँची स्थित एकलव्य राइफल शूटिंग क्लब से ले रही है।


**झारखण्ड सरकार**
**लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
दूरभाष सं.. 06546-298028, 263408,
e-mail- prisonhzb@gmail.com, cj-hzbag@jharkhandmail.gov.in

**ई०-निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्दीय कारागार, हजारीबाग |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, चीनी, फलों एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०-निविदा का आमंत्रण। चतुर्थ त्रैमासिक निविदा (दिनांक-01.10.2024 से 31.12.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि-17.09.2024 से 24.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि-17.09.2024 से 24.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमाकरने की तिथि। | तिथि-25.09.2024 से 26.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹ 2500/-से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि-25.09.2024 से 26.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि-27.09.2024 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में। |

1. उपरोक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, हजारीबाग के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि मे Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण
केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग

PR 334255 Prison(24-25)#D


# एथलेटिक्स में भारत के 583 विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

### नवोदय विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को मिलता है प्रतिभा निखारने का अवसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा रांची में आयोजित तीन दिवसीय 37वीं नवोदय विद्यालय राष्ट्रीय एथलेटिक्स मीट-2024 का समापन शुक्रवार को पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर जेएनवी मेसरा व कोडरमा की छात्राओं के द्वारा देश भक्ति, झारखंडी, ब्राजीलियन व भोजपुरी लोक नृत्य के रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति की गई। प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय के सभी आठ संभाग भोपाल, चंडीगढ़, हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, पुणे, शिलांग व पटना सहित संपूर्ण भारत वर्ष के 583 खिलाड़ी अपने टीम मैनेजर के साथ पहुंचे थें। विभिन्न खेल प्रतियोगिता में कई छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्षन कर अपने राज्य को अंक दिलाया। 39 गोल्ड, 13 सिल्वर व 15 ब्रांज सहित 67 पदक के साथ हैदराबाद की टीम ओवर ऑल चैंपियन रहा। वहीं द्वितीय भोपाल 14 गोल्ड के साथ 53 पदक व पटना 11 गोल्ड के साथ 36 पदक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। इसके बाद लखनउ-35 पदक, जयपुर-34, चंडीगढ़-24, षिलोंग-23 व पुने-16 पदक मिला। चैपिंयन सहित सभी उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पर्यटन, कला, एवं यूथ अफेयर सचिव झारखंड सरकार मनोज कुमार कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और बताया वे भी नवोदय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं।यहां आकर अपने घर आने जैसा एसास हुआ। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय नवोदय विद्यालय से मिले षिक्षा व संस्कार को दिया। कहा नवोदय विद्यालय एकमात्र संस्था है, जहां ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों को अपनी प्रतिभा निखरने व सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर व निशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध होती है। कर्नल दीपक सिसोदिया, लेफ्टेनिनेंट कर्नल चंचल सिंह कापकोटी, सहायक आयुक्त एनवीएस आरओ पटना एनसी कर, प्रचार्य एनोस केरकेट्टा, देवघर के प्राचार्य डा. यूपी पाणी, गुमला के प्राचार्य पीके शुक्ला, सरायकेला प्राचार्य बीके महंती, गोड्डा प्राचार्य पीके मिश्रा, लातेहार प्राचार्य पीके सिंह, जामताड़ा प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव, वरीय शिक्षक, मुकेश कुमार अजीत कुमार मंडल, एनसीसी अधिकारी, अभिषेक कुमार, विश्वनाथ लकड़ा, अनिल टोप्पो, संतोषी मेहरा, विजय कुमार, दिनेश कुमार, रंजन कुमार, मनोज कुमार, सुमंत कुमार मौजूद थे।



अतिथि के साथ चैंपियन टीम हैदराबाद के खिलाड़ी गण।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।**
**आम सूचना**

उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक 361/गो0, दिनांक 24.08.2024 द्वारा नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्डो में सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजनों को उपलब्ध कराने के निमित शिविर लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसकी विवरणी निम्नवत है :-

| तिथि | वार्ड सं0 | वार्ड का नाम | कार्यक्रम के स्थान का विवरण | कार्यक्रम का समय |
|---|---|---|---|---|
| 31.08.2024 | 01 | करकट | मध्य विद्यालय करकट, लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 02 | बानपुर | | |
| 04.09.2024 | 04 | डुरूआ | सोमेष्वर विवाह मंडप डुरूआ गुरूवार बाजार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 05 | डुरूआ | | |
| | 06 | डुरूआ | | |
| 07.09.2024 | 03 | राजहार | मध्य विद्यालय आश्रम, लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 07 | लातेहार (बहेराटॉड-चटनाही) | | |
| 09.09.2024 | 08 | लातेहार | सामुदायिक भवन अम्बाकोठी लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 09 | लातेहार | | |
| | 10 | अम्बाकोठी-गिजनियॉटॉड | | |
| 12.09.2024 | 11 | तापाखास | सब्जी मार्केट भवन बाईपास रोड लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 15 | धर्मपुर | | |
| 14.09.2024 | 12 | अम्बाटीकर | मध्य विद्यालय अम्बाटीकर लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 13 | अम्बाटीकर | | |
| | 14 | चन्दनडीह | | |

अतः आमजनों से अनुरोध हैं कि नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त तिथि को विभिन्न वार्डो में आयोजित शिविर "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार" कार्यक्रम में अधिक संख्या में संबंधित स्थल पर उपस्थित होकर झारखण्ड सरकार के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाये।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 334217 Urban Development(24-25)D

## स्पीड न्यूज

### कुजू में चुल्हा प्रमुख सम्मेलन आज



कुजू। आजसू द्वारा तरवाटांड़ मैदान मुरपा कुजू में शनिवार को मांडू विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को सम्मेलन स्थल में कार्यकताओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन स्थल की तैयारी का जायजा लेते हुए कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस बार मांडू विधानसभा में हरेक कार्यकर्ता को पूरी सक्रियता के साथ रहना है। मांडू विधानसभा क्षेत्र के लिए चूल्हा प्रमुख सम्मेलन काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो सहित केंद्रीय नेता शामिल होंगे। सम्मेलन में विधानसभा के 6 प्रखंड से करीब दस हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### उज्जवला फाउंडेशन ने की बैठक

कुजू। बोंगावार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में उज्जवला फाउंडेशन की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जगेश्वर प्रजापति ने किया। बैठक में संस्था के उत्थान और आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की। 50 सदस्यों के बीच खाद्य सामग्री वितरित की गई। मौके पर प्रकाश केसरी, आशा कुमारी, शांति देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, पूनम, सावित्री, पार्वती, रूपा, निराशो, कुंती गुनीता, प्रियंका, सोनी, रीना, लक्ष्मी, मीनू समेत कई सदस्य शामिल रहे।

### गणिनाथ गोविंद की वार्षिक पूजा आज

भुरकुंडा (रामगढ़)। इस वर्ष मद्धेशिया विकास समिति भुरकुंडा के तत्वावधान में इस वर्ष भी परम पूज्य गुरु बाबा गणिनाथ गोविंद का वार्षिक पूजन महोत्सव शनिवार को पूरे धूमधाम से गुरुदेव आश्रम धर्मशाला पटेल नगर भुरकुंडा में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में भुरकुंडा, बुध बाजार, सौंदा डी, पतरातू, गिद्दी, रिवर साइड, सायल, सौंदा सहित रांची, चतरा, बोकारो, हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला से मद्धेशिया समाज के लोग उपस्थित होंगे।

सड़क हादसे में युवक की मौत

गोला(राममढ़)। गोला/चारु पथ पर कालीनाथ चौक के पास शुक्रवार सुबह पिकअप वैन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान कालीनाथ चौक निवासी विशाल कुमार(20वर्ष), पिता- रामकिशोर महतो के रुप में हुई। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि विशाल अपने खेत में काम करने जा रहा था तभी रांची से गोला की ओर आ रहे एक पिकअप ने उसे चपेट में ले लिया। उपस्थित ग्रामीणों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला ले गए जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पीवीयूएनएल में खेल प्रतियोगिता



भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को पीवीयूएनएल पतरातु में कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों के लिए दो किमी दौड़ का आयोजन हुआ। शारीरिक फिटनेस और टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए दौड़ के बाद फिट इंडिया का सामुहिक शपथ लिया गया। बताया गया की यह एक राष्ट्रीय पहल है जो नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। वहीं महिला कर्मचारियों और पुरुष कर्मचारियों के पत्नियों के लिए थ्रोबॉल प्रदर्शनी मैच, पुरुष कर्मचारियों के लिए वॉलीबॉल प्रदर्शनी मैच आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह और विभिन्न विभागों के एचओडी ने भी इस आयोजन में भाग लिया।

### कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी : अंबा प्रसाद



भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित पुराना सिनेमा हॉल कॉलोनी में गुरूवार देर शाम कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित थीं। बैठक में पार्टी की मजबूती पर बल देते हुए जन समस्याओं के समाधान को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान छोटेलाल नायक और संगीता देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस व विधायक अंबा प्रसाद के क्रियाकलापों से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों को विधायक अंबा प्रसाद ने फूल माला व कांग्रेस का पट्टा पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी होते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जात की नहीं जमात की राजनीति करता है। इसमें सभी वर्गों का पूरा ख्याल रखा जाता है। साथ ही सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है।

### योजनाओं का लाभ उठायें : विधायक



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधायक अंबा प्रसाद ने उद्घाटन किया।अंबा प्रसाद ने सरकार की विकास योजनाओं की शत प्रतिशत लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करने के साथ-साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के प्रति दृढ़संकल्पित है। अंबा प्रसाद ने कहा कि सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं। ग्रामीण संबंधित विभाग में जाकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया गुलाब देवी, सुंदरनगर पंचायत में मुखिया व्यास पांडेय एवं देवरिया पंचायत में मुखिया विकास नायक ने किया। मौके पर पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडेय, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, डब्लू सिंह, चंदन साव, फिरदौस आलम, दीपक कुमार, राहुल, गुड्डू सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# बड़कागांव में मुखिया प्रतिनिधि घूस लेते गिरफ्तार

## एसीबी ने मुखिया बिमला देवी को भी किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



बड़कागांव। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अबुआ आवास के नाम पर 25000 रुपये घूस लेते रंगे हाथ बड़कागांव पूर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव को गिरफ्तार किया। मुखिया बिमला देवी को भी अपने साथ एसीबी ने गिरफ्तार हजारीबाग ले गई। जानकारी के अनुसार बड़कागांव पूर्वी पंचायत निवासी के भगवान बागी रोड स्थित अबुआ आवास के लाभुक बसंत साव ने एसीबी को मुखिया द्वारा घूस मांगने की बात को लेकर आवेदन दिया था।जिसपर जांच-पड़ताल कर एसीबी की टीम गठित की गई और शुक्रवार की सुबह 6:30 बजे मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव को उसके घर पर ही 25000 घूस लेते रंगे हाथ दबोचा। गांव वालों ने कहा कि मुखिया प्रतिनिधि व मुखिया को अन्य लोगों के द्वारा फंसाया जा रहा है। जिसको लेकर सैकड़ों ग्रामीण एसीबी कार्यालय हजारीबाग पहुंचे और मुखिया को फंसाने की बात कह रहे थे। इस मामले को लेकर ग्रामीण बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद के पास पहुंचे और उनसे मुखिया को छुड़ाने की मांग की। अम्बा प्रसाद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की अगर मुखिया बेगुनाह है तो उन्हें कुछ नहीं होगा। इसके बाद उन्होंने एसीबी की अधिकारियों से बात की और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। अंबा प्रसाद ने कहा कि जो गलत है वो गलत है, अगर वो दोषी हैं तो फिर कानून अपना काम करेगी और अगर निर्दोष है तो वो भी पता चल जायेगा।

# भदानीनगर में पांडे गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

## ठेकेदार से लेवी वसूलने के लिए निकले थे सभी पुलिस के हत्थे चढ़े

दो बाइक और 14 मोबाइल बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। भदानीनगर ओपी क्षेत्र में ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए निकले चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। गिरफ्तार अपराधियों में हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी ओम प्रकाश साहू उर्फ. प्रकाश साहू, मुकेश साहू उर्फ. पठान, सागर कुमार और गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत वाशरी कॉलोनी निवासी सूरज सिंह शामिल हैं।

**ठेकेदारों को धमकी दे रहे थे अपराधी :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि यह पांच अपराधी अपने पास 14 मोबाइल रखे हुए थे। अलग-अलग नंबरों से अलग-अलग ठेकेदारों को धमकी दी जा रही थी। दो मोटरसाइकिल यामाहा आर 1-5 जेएच 01 एफबी 4819 और बजाज पल्सर जेएच 01 एफएच 4960 से पांचो अपराधी घूम रहे थे। पुलिस की टीम देवरिया पंचायत भवन के पास पहुंची तो बाइक पर सवार पांचो लोग संदिग्ध हालत में पीसीसी से सड़क पर घूमते हुए दिखे। पुलिस ने पीछा कर चार अपराधियों को पकड़ा, एक अपराधी भागने में सफल रहा। उन लोगों ने खुद को पांडे गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया। साथ ही पीसीसी सड़क के ठेकेदार से लेवी वसूलने की बात भी कही।

**कुख्यात अपराधी है ओम प्रकाश साहू :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि गिरोह में गिरफ्तार ओम प्रकाश साहू उर्फ. प्रकाश साहू काफी कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ 14 मामले विभिन्न थानों में पहले से ही दर्ज हैं। रामगढ़ जिले के कुजू, रामगढ़, भुरकुंडा, बरकाकाना, हजारीबाग जिले के केरेडारी, बढ़कागांव, गिद्दी थाना क्षेत्र में ओमप्रकाश ने कई अपराधों को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, कोल माइन्स एक्ट, रंगदारी के कई मामले दर्ज हैं। मुकेश साहू भी केरेडारी और गिद्दी थाना क्षेत्र में कांडों को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। सूरज सिंह के खिलाफ भी गिरिडीह थाना क्षेत्र में मारपीट और हत्या की नीयत से किए गए हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज है।

### बस की चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल

हजारीबाग। गुलमोहर पब्लिक स्कूल टीवी टावर रोड के समीप शुक्रवार को लवली बस की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। घायलों में एक नेहा कुमारी संत स्टेफेन स्कूल की शिक्षिका है जिनको पैर में चोट आई है वही उसी स्कूल की एक बच्ची प्रगति कुमारी भी घायल हुयी है। बच्ची की उम्र 9 वर्ष बताई जा रही है.। प्रगति के पिता को भी पैर तथा हाथ में चोट आई है जिनका नाम राजू शर्मा है. घटना के सम्बन्ध में प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुबह सबेरे इस सड़क से स्कूल के बच्चो का आना जाना लगा रहता है। वैसे में इस रोड से कमर्शियल बसों का परिचालन किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है। इस सड़क पर सुबह के वक़्त में बसों की नो एंट्री कर देनी चाहिए.। कभी दुर्घटना कभी जाम. इस सड़क की ये ही स्थिति है. छाता वर्मा ने कहा कि उनकी उनकी भाभी अपनी बच्ची को लेकर स्कूल जा रही थी। लवली बस ने उनको पीछे से टक्कर मार दिया और साथ ही दो अन्य मोटरसाइकिल सवार को ठोंक दिया। लोगों नेचालाक को पकड़ा और पुलिस को सूचना दी।

# अपनी ताकत को समझे वैश्य समाज : महेश्वर साहु



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरिज हॉल के सभागार में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। गत दिनों मुख्यमंत्री को सौंपे गए 10 सूत्री मांग-पत्र पर चर्चा एवं 2 अक्टूबर को रांची में प्रस्तावित वैश्य सद्भावना महासम्मेलन की तैयारी को लेकर यह सम्मेलन आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने किया। उपरोक्त मुद्दे पर चर्चा करते हुए ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, निर्दोष लोगों को पुलिस अत्याचार से बचाने का निर्णय लिया गया। साथ ही 2 अक्टूबर को रांची में होने वाले वैश्य सद्भावना महासम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि समाज और संगठन से बड़ा कोई नहीं होता है। वैश्य मोर्चा ने हमेशा व्यक्ति विशेष के बजाये समाज के मुद्दों को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विधायक, सांसद और मंत्री तो एक तय समय के लिए होते हैं, लेकिन समाज और संगठन स्थाई होता है। इसलिए समाज और संगठन का महत्व सबसे ऊपर है। श्री साहु ने कहा कि आज सत्तापक्ष हो या विपक्ष के नेता सभी वैश्य मोर्चा के मुद्दों को उठा रहे हैं। चाहे ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी आदि की मांग आगामी चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर सामने आयेगा। वैश्य मोर्चा को अपनी मांगों पर ध्यान देकर अभियान चलाते रहना चाहिए। झारखंड आंदोलनकारी एवं कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल ने कहा कि वैश्यों की अनदेखी और उपेक्षा करने से राज्य सरकार को ही नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### कटकमदाग में 50 लाख का अवैध विदेशी शराब बरामद



कटकमदाग। रजहर गांव के जंगल से हजारीबाग एवं चतरा उत्पाद विभाग ने अवैध शराब की एक मिनी पैकेजिंग फैक्ट्री का उद्भेदन किया। मिनी शराब पैकेजिंग फैक्ट्री से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब के साथ बंगाल का ट्रक, पैकेजिंग में इस्तेमाल किया जाने वाला विभिन्न ब्रांड का रैपर,ढक्कन आदि की बरामदगी की गई है। हजारीबाग सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत रजहर गांव जो की चतरा जिले के सिमा क्षेत्र से सटा हुआ है, वहां पर अवैध शराब की पैकेजिंग कीया जाता है। चतरा जिले के वरीय अधिकारियों से जानकारी साझा करते हुए हजारीबाग तथा चतरा जिले की संयुक्त टीम बनाकर रात को लगभग बारह बजे छापामारी की गई जिसमें छापामारी टीम को देखते ही लोग भाग निकले। उन्होंने कहा की बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग 40 से 45 लाख रुपए है । हजारीबाग में हाल के दिनों में लगातार अवैध शराब के खेप को पकड़ा जा रहा है। अगर इसी महीने की बात की जाए तो तीन बार में लगभग 1.5 करोड़ का अवैध शराब जब्त किया जा चुका है।

# बड़कागांव विधानसभा में आजसू ने शुरू की पदयात्रा

## ठगने वाली सरकार को समझ चुकी है जनता : रोशनलाल चौधरी



भुरकुंडा (रामगढ़)। आजसू ने शुक्रवार को भुरकुंडा में सयाल मोड़ से लेकर थाना चौक तक पदयात्रा निकाला। इसमें मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। हजारों आजसू कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर भ्रष्ट एवं वादाखिलाफी को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाना चौक तक पहुंचे। रोशनलाल चौधरी ने कहा की वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। हेमंत सरकार ने युवाओं को रोजगार देने एवं बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को चूल्हा खर्चा देने, पेट्रोल 25 रुपए लीटर देने, हर वर्ष 72 हजार रुपए देने का वादा किया था। लेकिन हर वादा फेल हो गया। फिर से चुनाव आ रहा है तो हेमंत सरकार वादों को झड़ी लगा रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ रहा। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को एनटीपीसी सहित अन्य संचालित उद्योगों में रोजगार से वंचित किया जा रहा। बड़कागांव में उच्चतम एवं तकनीकी शिक्षा का अभाव है। स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है। हर ओर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। श्री चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा को एक परिवार के लोगों ने ठगा है। बड़कागांव का विकास नहीं हो पा रहा है, जिसका कारण यहां सही नेतृत्व का नहीं होना है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय चुनाव का ही नहीं वादाखिलाफी की सरकार को जवाब देने का समय है। अपने मतदान का प्रयोग बहुत हीं सोच समझकर करना है। बड़कागांव में भी बदलाव की आवश्यकता है। आने वाले चुनाव में विकास के लिए वोट करें। बड़कागांव के सर्वांगीण विकास के लिए परिवर्तन ही विकल्प है। सभा को केंद्रीय महासचिव विजय साहू, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, मुखिया ब्यास पांडेय, वरिष्ठ नेता मनोज करमाली आदि ने भी संबोधित किया। जुलुस की शक्ल में बिरसा चौक पहुंची पदयात्रा में रोशनलाल चौधरी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान भारत माता की जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

**पदयात्रा में ये थे शामिल :** जनजागरण पदयात्रा में आजसू के महासचिव विजय साहू, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, सचिव सतीश सिन्हा, राजू कुमार, केंद्रीय सदस्य इमरोज खान, केंद्रीय सदस्य चंदन श्रीवास्तव, रितिक चौधरी, विश्वरंजन सिन्हा, प्रखंड कोषाध्यक्ष सह मुखिया ब्यास पांडेय, मुखिया रामनारायण कुमार, कार्यकरी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, मनोज करमाली, सूरज करमाली, राज विश्वकर्मा, विक्रांत साहू, राजन सिंह, नंदकिशोर ठाकुर, सुनिल साव, पंसस रोहित सोनी, कामेश्वर मेहता, भुनु सिंह व अन्य शामिल थे।

## एक नजर में

### सड़क बनवा कर ही दम लूंगी : अनुप्रिया



हजारीबाग। हजारीबाग से चतरा जाने वाली पगमिल सड़क की स्थिति बेहद खराब है। पता ही नहीं चलता है की सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है। बारिश के कारण पूरे सड़क में जलजमाव है। इस जलजममव के कारण राहगीरों को गड्ढे नहीं दिखते है। लोकल को तो परेशानी नहीं होती क्योकि उनकों जानकारी है कि सड़क में गड्ढे कहां कहां और किस किस जगह पर है। परेशानी उनलोगो को हो रही है जो बाहर यानि चतरा, हजारीबाग, रामगढ के से इस रास्ते से आते जाते है। साथ ही इस रास्ते में बने गड्ढों से वाहन चालाकी को विशेष परेशानी है। अनुप्रिया ने कहा कि ऐसा लगता है मानो ये कोई सड़क नहीं तालाब है। लोगो को आवागमन में कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा ये सोच के ही अजीब लगता है। बच्चे, बुजुर्ग गिर कर घायल हो जा रहे हैं।कहा की आज सड़क निर्माण को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया जायेगा और जब तक सड़क नहीं बनेगी हम धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### चेक बाउंस मामले में चिपकाया इश्तेहार

पदमा । पदमा निवासी चंचला देवी पति रितेश कुमार पिता अजय साव साकिन पदमा जिला हजारीबाग के विरुद्ध न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को पदमा थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह और अनिल कुमार राम ने डुगडुगी बजाकर आरोपी के घर पदमा चौक एवं बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम सेंटर सहित पदमा के सार्वजनिक स्थलों पर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त अभियुक्त कई वर्षों से फरार चल रहा है अगर अभियुक्त माननीय न्यायालय में पेश नही होता है तो बहुत जल्द उसके घर की कुर्की जब्ती होगी।

### कैंप में आन द स्पॉट काम करें: ओमप्रकाश



हजारीबाग। भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने कहा कि बीडीओ और सीओ कैंप में ऑन द स्पॉट काम करें। जनता दरबार के नाम पर जनता को फिर से एक बार बरगलाने का काम नहीं करें।

### करियातपुर में लापता व्यक्ति का मिला शव

बरही। करियातपुर गांव में शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव पुल के पास मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बिशुन रविदास (पिता जागेश्वर रविदास) के रूप में हुई है, जो कि करियातपुर का निवासी था। सूत्रों के अनुसार, बिशुन रविदास गुरुवार शाम से लापता था। शुक्रवार को उसका शव पास के एक पुल के नीचे पड़ा मिला। शव को सबसे पहले खेल रहे बच्चों ने देखा और तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। खबर मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर बरही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। प्राथमिक जांच में मृतक की पहचान कर ली गई है।

### मल्लाहटोली से युवक लापता, जांच में जुटी पुलिस

बरही। मल्लाह टोली निवासी अनीता देवी ने पति हरि माली की गुमशुदगी के संबंध में बरही थाना में शिकायत दर्ज कराई है। अनीता देवी ने पुलिस प्रशासन से अपने 42 वर्षीय पति की जल्द खोजबीन करने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, हरि माली रात करीब 12 से 1 बजे तक घर पर ही थे। लेकिन सुबह 4:30 बजे अनीता देवी की नींद खुलने पर उन्होंने देखा कि उनके पति घर पर नहीं हैं। पड़ोसियों को सूचित करने पर उन्होंने दिनभर हरि माली की खोज की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिवार ने 29 अगस्त की रात को थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। परिजनों के अनुसार, हरि माली ने घर से निकलते समय अपना मोबाइल भी छोड़ दिया था, जिससे उनकी खोजबीन में और मुश्किलें आ रही हैं। हरि माली के अचानक लापता होने से उनकी पत्नी, दो बच्चे और पूरा परिवार गहरे चिंता में है। वे घर के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। लापता हरि माली की उम्र 42 साल, रंग सांवला और कद 5 फीट 4 इंच है। उन्होंने घर से निकलते समय ग्रे रंग का टीशर्ट और काला पैंट पहना हुआ था।

### माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



हजारीबाग। झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के पद प्रोन्नति के लिए निर्गत सेवा शर्त संशोधन 355 को निरस्त करते हुए वरीयता मेधा क्रमानुसार प्रधानध्यापक पद में प्रोन्नति, प्रधानाध्यापक की सीधी नियुक्ति में आठ वर्षों का शिक्षण अनुभव एवं सामान्य सिलेबस के आधार पर परीक्षा, सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के वेतनमान में प्रोन्नति के लिए निर्गत आदेश 1726 को निरस्त करते हुए सभी कोटि के माध्यमिक शिक्षकों को एमएसीपी (वित्तीय लाभ सहित) पर प्रोन्नति, योजना मद में पदस्थापित नव नियुक्त माध्यमिक शिक्षकों का अविलंब वेतन भुगतान, समान काम समान वेतन के आधार पर माध्यमिक स्तर पर नियुक्त एवं कार्यरत संगीत शिक्षकों का माध्यमिक शिक्षकों के समान ग्रेड-पे एवं वेतन आदि मांगें शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव रविंद्र चौधरी, संयुक्त सचिव विनोद कुमार दास, नरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, महेंद्र राम कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, जिला संयोजक प्रकाश कुमार, परीक्षा समिति सचिव परितोष कुमार झा दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

### पेटो में बस ने पेड़ में मारी टक्कर, चार घायल

दारु। हरली पंचायत के ग्राम पेटो में शुक्रवार दोपहर हजारीबाग से कतरास जा रही राईन बस संख्या जे एच 10 एल 8458 दुर्घटना की शिकार हो गयी जिसमे बस मे सवार चार यात्री मामूली रूप से घायल हो गये।इस दुर्घटना के बारे मे बस मे सवार यात्रियों ने बताया की अचानक तेज आवाज के साथ बस दाहिनी तरफ मुड़ती हुई बिजली के पोल और पेड़ की मोटी डाली से तेज गति से टकरा गई । घटना के बाद चालक तुरंत मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में बस मे सवार चार लोग घायल हो गये, जिनमे एक घायल की नाक से खून गिर रहा था बाकियों को हल्की चोट आयी। इस मौके पर पहुंची दारु थाना ने बस को स्थल से निकालकर थाने ले गयी।

### पावर लिफ्टिंग में रामगढ़ का शानदार प्रदर्शन



रामगढ़। गिरीडीह में डब्लूपीसी झारखंड ओपन स्टेट चैंपियनशिप 2024 पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस डेडलिफ्ट का आयोजन हुआ। रामगढ़ कैंट के डबल जिम से 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें 6 लड़कियां और चार लड़के शामिल थे । अंजली सिंह चौहान ने जूनियर कैटेगरी में फुल पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल ,बेंच प्रेस में सेकंड पोजीशन गोल्ड मेडल, एवं डेडलिफ्ट फर्स्ट पोजीशन गोल्ड मेडल जीता। सृष्टि सिंह चौहान ने जूनियर कैटेगरी में फुल पावर लिफ्टिंग में सेकंड पोजीशन, बेंच प्रेस में फर्स्ट पोजीशन गोल्ड मेडल, डेडलिफ्ट में फर्स्ट पोजीशन गोल्ड मेडल,हासिल की। पूजा कुमारी ने जूनियर क्रांतिकारी डेडलिफ्ट में फर्स्ट पोजीशन गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके साथ ही सीनियर कैटेगरी में ललित चौरसिया ने फुल पावर लिफ्टिंग में फर्स्ट पोजीशन गोल्ड मेडल, बेंच प्रेस में फर्स्ट पोजीशन गोल्ड मेडल, डेट लिफ्ट में फर्स्ट पोजीशन गोल्ड मेडल लिया। सीनियर कैटेगरी में डॉली गुप्ता ने डेड लिफ्ट में सेकंड पोजीशन गोल्ड मेडल और हरप्रीत कौर ने थर्ड पोजिशन गोल्ड मेडल हासिल की।

# पैरालंपिक में भारत का दमदार प्रदर्शन, अवनि-मोना और प्रीति के बाद मनीष ने जीता रजत पदक

# अवनि का स्वर्णिम निशाना

## अवनि ने पैरालंपिक में अब तक दो स्वर्ण समेत तीन पदक जीते



अवनि लेखरा



मोना अग्रवाल

एजेंसी

**पेरिस।** टोक्यो पैरालंपिक में भारत को एक स्वर्ण पदक समेत दो पदक दिलाने वाली पैरा शूटर अवनि लेखरा ने पेरिस पैरालंपिक में भारत को एक और स्वर्ण पदक दिलाया है। उन्होंने दूसरे दिन ही महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। इस तरह भारत का पेरिस पैरालंपिक में शानदार आगाज हुआ है। वहीं, इसी स्पर्धा में भारत की मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

### अवनि और कोरियाई निशानेबाज में थी टक्कर

अवनि ने टोक्यो पैरालंपिक में 249.6 का स्कोर बना पैरालंपिक रिकॉर्ड बनाया था। इस बार उन्होंने 249.7 का स्कोर बनाया और अपने ही पैरालंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वहीं, मोना ने 228.7 का स्कोर बना तीसरा स्थान हासिल किया। दक्षिण कोरिया की युनरी ली ने 246.8 का स्कोर बनाया और रजत पदक हासिल किया। एक वक्त मोना शीर्ष पर आ गई थीं, लेकिन इसके बाद कोरियाई निशानेबाज ने कुछ राउंड की अच्छी शूटिंग के बाद पहला स्थान हासिल किया। अवनि तीसरे पर लुढ़क गई थीं। हालांकि, उन्होंने जबरदस्त वापसी की। 21 शॉट्स के बाद अवनि और युनरी का स्कोर बराबर हो गया था, लेकिन कोरियाई निशानेबाज शीर्ष पर थीं। 22 शॉट के बाद मोना का सफर तीसरे स्थान पर समाप्त हो गया। 23वां शॉट अवनि ने 9.9 का और युनरी ने 10.7 का लगाया। 24वें और आखिरी शॉट में अवनि ने 10.5 का स्कोर बनाया, जबकि युनरी ने 6.8 का स्कोर बनाया। इस तरह अवनि ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

टोक्यो पैरालंपिक में अवनि ने एक स्वर्ण और एक कांस्य समेत दो पदक जीते थे। स्वर्ण उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में जीता था और कांस्य उन्होंने महिलाओं की 50 मीटर राइफल की पी-3 एसएच-1 स्पर्धा में अपने नाम किया था। वह भारत की पहली महिला एथलीट बनी थीं, जिन्होंने एक पैरालंपिक में दो मेडल जीते थे। उनसे पहले जोगिंदर सिंह सोढ़ी इन खेलों के एक ही चरण में कई पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे। अवनि पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने भारत का इन खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भी पहला पदक भी जीता था। टोक्यो पैरालंपिक में भी अवनि ने ही स्वर्ण जीतकर भारत के स्वर्ण पदक का खाता खोला था। टोक्यो पैरालंपिक खेलों में पदक जीतकर वह इन खेलों में पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला बनी थीं।

### अवनि पद्मश्री से सम्मानित हो चुकीं

अवनि पैरालंपिक के अलावा विश्व कप में भी दो स्वर्ण समेत तीन पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने 2022 फ्रांस में हुए विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में और 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण जीता था। वहीं, 2022 में दक्षिण कोरिया में हुए विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया था। इसके अलावा वह 2022 एशियाई पैरा गेम्स में इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। 2021 में उन्हें खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा वह जीक्यू इंडिया द्वारा 2021 में यंग इंडियन ऑफ द ईयर अवॉर्ड दिया गया था। 2021 मेंही उन्हें अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक कमिटी द्वारा बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 2022 में अवनि पद्मश्री से सम्मानित हो चुकी हैं।

### पीएम मोदी ने दी अवनि और मोना को पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने पर बधाई

अवनि ने पेरिस पैरालंपिक में 249.7 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसी के साथ उन्होंने अपने ही पैरालंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पीएम ने उन्हें बधाई देते हुए कहा- आर2 महिला 10मीटर एयर राइफल एसएच1 इवेंट में प्रतिष्ठित स्वर्ण जीतने के लिए अवनि लेखरा को बधाई। इसी के साथ उन्होंने इतिहास रच दिया है। वह तीन पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं! उनका समर्पण भारत को गौरवान्वित करता है।

### मोना को भी पीएम ने दी बधाई

पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में 228.7 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया और भारत को कांस्य पदक दिलाया। पीएम ने मोना को भी बधाई दी। उन्होंने कहा- मोना अग्रवाल को पेरिस पैरालंपिक 2024 में आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि उनके समर्पण और उत्कृष्टता की खोज को दशार्ती है। भारत को मोना पर गर्व है।

### मनीष नरवाल ने जीता रजत पदक



पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा के फाइनल मैच में मनीष नरवाल ने रजत पदक जीत लिया है। लगातार दूसरे पैरालंपिक में उन्होंने पदक जीता है। पिछले पैरालंपिक में मनीष ने 50 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इस स्पर्धा के फाइनल में कोरिया के जेओंगडु पहले स्थान पर रहे। उन्होंने 237.4 का स्कोर किया। वहीं, नरवाल 234.9 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा चीन के यांग चाओ ने 214.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

### प्रीति पाल ने जीता कांस्य



महिलाओं की 100 मीटर (टी35) रेस में भारत की प्रीति पाल ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने 14.31 सेकंड में 100 मीटर की दूरी तय की। पैरिस पैरालंपिक में यह भारत का तीसरा पदक है। चीन की ही गुओ कियानकियान ने इस स्पर्धा में रजत पदक जीता। उन्होंने 13.74 सेकंड में रेस पूरी की। वहीं, चीन की ही झोउ ने 1.58 सेकंड में रेस पूरी की और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

### मानसी जोशी का अभियान समाप्त

**पेरिस।** भारत की पैरा शटलर मानसी जोशी महिला एकल एसएल 3 ग्रुप ए मैच में यूक्रेन की ओक्साना कोजिना से मिली हार के बाद पोर्ट डी ला चैपल एरिना में चल रहे पैरालिंपिक से बाहर हो गईं हैं। ग्रुप ए में अपने शुरूआती मैच की तरह, मानसी ने शुरूआती सेट में बढ़त हासिल की, लेकिन अगले दो सेट हार गईं। मानसी ने मैच में अच्छी शुरूआत की और पलक झपकते ही, उसने शुरूआती सेट में 21-10 से जीत हासिल की और 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे सेट में, ओक्साना ने शानदार तरीके से जवाब दिया और एक प्रभावशाली समग्र प्रदर्शन के साथ बाजी पलट दी। उसने मानसी को पीछे धकेल दिया और 15-21 से जीत के साथ 1-1 की बराबरी हासिल की। मैच के निर्णायक सेट में में, मानसी ने अपनी घबराहट को शांत किया और जीत के साथ आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार दिखी। हालांकि, ओक्साना के पास कुछ और ही योजना थी। उसने अंत में तीन अंकों की कमी को दूर किया और 23-21 से जीत के साथ मैच अपने नाम कर लिया। इस हार के साथ ही मानसी इवेंट से बाहर हो गईं।

### भाविना और सोनल को लगा झटका

भारत के लिए पैरालंपिक का दूसरा दिन मिला-जुला रहा। एक तरफ भारतीय एथलीट्स ने चार पदक जीते तो दूसरी तरफ भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल और सोनलबेन पटेल को तगड़ा झटका लगा। शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में महिला युगल डब्ल्यूडी 10 वर्ग में ए यंग जंग और संध्या मून के खिलाफ उन्हें क्वार्टर फाइनल में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

**अब एकल स्पर्धा में लेंगी भाग:** आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को 39 मिनट तक चले मुकाबले में 5-11 6-11 11-9 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भाविना और टोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता सोनलबेन अब अपने-अपने एकल स्पर्धा में भाग लेंगी।

### सचिन ने चारों एथलीट्स को दी शुभकामनाएं

इसके अलावा महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी चारों एथलीट्स को शुभकामनाएं दीं। सचिन ने लिखा- टोक्यो में स्वर्ण, पेरिस में स्वर्ण! अवनि लेखरा 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में लगातार पदक जीतना किसी असाधारण बात से कम नहीं है। तीन पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला के रूप में आपकी ऐतिहासिक उपलब्धि एक सच्चे चैंपियन के रूप में आपकी विरासत को और मजबूत करती है। मोना को उसी इवेंट में कांस्य पदक जीतने के लिए बहुत-बहुत बधाई और मनीष नरवाल को टोक्यो में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में रजत हासिल करने के लिए बहुत-बहुत बधाई। हमारी उपलब्धियों की सूची में 100 मीटर स्प्रिंट में कांस्य के लिए प्रीति पाल का नाम भी शामिल है।

## स्टार हॉकी प्लेयर जॉनी गौड्रेउ और उनके भाई मैथ्यू की मौत



**नयी दिल्ली।** अमेरिकी हॉकी स्टार जॉनी गौड्रेउ और उनके भाई मैथ्यू की अकल्पनीय त्रासदी के बाद मौत हो गई है, कोलंबस ब्लू जैकेट्स ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से घोषणा की। टीम ने एक्स पर एक पोस्ट में भाइयों की मौत की पुष्टि की, लेकिन घटना के बारे में कोई अन्य विवरण जारी नहीं किया गया है। एनएचएल कमिश्नर गैरी बेटमैन ने भी जॉनी गौड्रेउ के निधन के बारे में एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि वह सिर्फ एक शानदार हॉकी खिलाड़ी नहीं थे, वह एक प्यार करने वाले पिता और प्यारे पति, बेटे, भाई और टीम के साथी थे, जिन्होंने अपने रास्ते में आने वाले हर भाग्यशाली व्यक्ति को अपना दीवाना बना लिया। 31 वर्षीय गौड्रेउ जुलाई 2022 में कैलगरी फ्लेम्स से अप्रतिबंधित फ्री एजेंट के रूप में हस्ताक्षर करने के बाद ब्लू जैकेट्स के शीर्ष फॉरवर्ड थे। एक लोकप्रिय विवाह साइट पर पोस्ट के अनुसार गौड्रेउ और उनके भाई को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अपनी बहन की शादी में शामिल होना था। गौड्रेउ के अपनी पत्नी मेरेडिथ के साथ दो छोटे बच्चे थे, एक बेटी, नोआ और बेटा जॉनी और दोनों का जन्म कोलंबस में हुआ था।

# धोनी को आइपीएल 2025 में खेलना चाहिये: रैना

एजेंसी

**लखनऊ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना चाहते हैं कि एमएस धोनी आइपीएल 2025 में खेलें क्योंकि टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में उनकी बल्लेबाजी शानदार रही थी। आइपीएल 2024 के ओपनर मुकाबले से पहले कप्तानी छोड़ने वाले धोनी को आइपीएल 2024 में फिनिशर के तौर पर खेला गया था, जहां उन्होंने 14 मैचों में 220.25 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए थे और उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 37 रन था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आइपीएल 2024 के ओपनर मुकाबले से पहले रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई स्थित फ्रेंचाइजी का नया कप्तान नियुक्त किया गया था। रैना ने स्पोर्ट्स तक से कहा, मैं चाहता हूं कि एमएस धोनी आइपीएल 2025 में खेलें, क्योंकि पिछले साल उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की थी। मुझे लगता है कि रुतुराज गायकवाड़ को एक और साल की जरूरत है, जिस तरह से उन्होंने कप्तानी की और आरसीबी से हार के बाद बहुत सी बातें कही गईं। हालांकि, रुतुराज ने शानदार प्रदर्शन किया है। आइपीएल 2024 में सीएसके की हार के बाद कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि बतौर खिलाड़ी एमएस धोनी का यह आखिरी आइपीएल होगा, लेकिन भारत के पूर्व कप्तान ने अभी तक कुछ भी नहीं कहा है। इस महीने की शुरूआत में हैदराबाद में एक कार्यक्रम में धोनी ने कहा था कि नए नियमों और विनियमों की घोषणा के बाद वह अपने आइपीएल करियर पर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा, इसके लिए अभी बहुत समय है। हमें देखना होगा कि वे खिलाड़ी को बनाये रखने आदि पर क्या निर्णय लेते हैं। अभी गेंद हमारे पाले में नहीं है। इसलिए, एक बार नियम और विनियम औपचारिक हो जाने के बाद मैं फैसला लूंगा, लेकिन यह टीम के सर्वोत्तम हित में होना चाहिए।



## आइसीसी से जारी राशि से टेस्ट क्रिकेट पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा-ग्रेव

**एंटीगुआ।** क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉनी ग्रेव ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड की ओर से भारत, इंग्लैंड एवं आस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड को छोड़कर अन्य देशों के लिए जारी की जाने वाली राशि से टेस्ट क्रिकेट पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। रिपोर्टो के अनुसार आइसीसी टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत को छोड़कर अन्य क्रिकेट बोर्ड के लिए अलग से एक समर्पित राशि जारी कर सकती है। इस पहल के प्रणेता क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अध्यक्ष मार्क बेयर्ड हैं और इस पहल को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड का समर्थन भी हासिल है।

## पाक में कंगाली, हॉकी टीम को चीन जाने के टिकट के लिए लेना पड़ा कर्ज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान का हाल बेहाल है। महंगाई के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है और सरकार लाखों करोड़ों के कर्ज में डूबी हुई है। अब पाकिस्तान की बदहाली का एक और उदाहरण सामने आया है। खबरों के अनुसार, पाकिस्तान की हॉकी टीम चीन में आयोजित होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भाग लेने के लिए कर्ज पर हवाई टिकट लेकर चीन गई है। पाकिस्तान की हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भाग लेने के लिए चीन जाने के लिए हवाई टिकट के लिए कर्ज लिया है। टीम की खराब आर्थिक स्थिति एक प्रेस वार्ता के दौरान सामने आई, जब पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तारिक बुगती ने बताया कि जल्द ही पैसा मिलने की उम्मीद है। इतना ही नहीं, उन्होंने प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से हॉकी के लिए एक समर्पित वित्तीय फंड पेश करने की भी अपील की। फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड ने जल्द ही PHF को खर्चों की मांग पूरी करने की घोषणा की है।बोर्ड ने चीन में एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने वाली टीम को फंड ना देने के लिए वित्तीय कठिनाइयों का हवाला दिया। उधार टिकटों पर उड़ान भरने के साथ ही पाकिस्तान हॉकी टीम को बीजिंग से उनकी उड़ान रद्द होने के बाद अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए 300 किलोमीटर की सड़क यात्रा करनी पड़ी। बता दें कि पाकिस्तान, जिसे कभी विश्व हॉकी की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक माना जाता था, ने अपने हालिया कुछ वर्षों के प्रदर्शन से सभी को निराश किया है।

# राजगीर के नये ग्राउंड पर होगी महिला अंतरराष्ट्रीय एशियन चैंपियनशिप, हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया का ऐलान

एजेंसी

**नालंदा।** बिहार के राजगीर में स्थित राज्य खेल अकादमी सह बिहार खेल विश्विद्यालय का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खेल दिवस के मौके पर उद्घाटन किया। वहीं अब दूसरी ओर भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा राजगीर खेल अकादमी में एशियन वीमेंस हॉकी चैंपियनशिप कराने का ऐलान कर दिया गया है, जिसे 11 से 20 नवंबर तक आयोजित किया जायेगा।

### इन देशों की टीम लेगी हिस्सा

इस हॉकी चैंपियनशिप में भारत के अलावा चीन, जापान, थाईलैंड, कोरिया, और मलेशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। पिछले साल रांची में आयोजित इस चैंपियनशिप में भारत को जीत मिली थी। वीमेंस एशियान हॉकी चैंपियनशिप के आयोजन को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने बताया कि बिहार में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जो एक ऐतिहासिक क्षण होगा।



### उद्घाटन मैच के बाद बड़ा ऐलान

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजगीर खेल अकादमी का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर हॉकी इंडिया टीम का डेमो मैच इंडिया ब्लू और इंडिया व्हाइट के बीच खेला गया। जिसमें इंडिया ब्लू ने इंडिया व्हाइट को 3-0 से हराकर जीत हासिल की। डेढ़ घंटे तक चले इस रोमांच भरे मैच का दर्शकों ने काफी लुत्फ उठाया। वहीं मैच के बाद हॉकी फेडरेशन इंडिया ने राजगीर खेल अकादमी में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप कराने का फैसला लिया।

हॉकी इंडिया महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया कि नालंदा जिले के राजगीर में नवनिर्मित पहला एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान बनकर तैयार है। वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जो बिहार के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। खेल का आयोजन 11 से 20 नवंबर तक किया जाएगा। जिसमें भारत के अलावा चीन, जापान, थाईलैंड, कोरिया, और मलेशिया की टीमें आपस में भिड़ेंगी। बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में नवनिर्मित राज्य का पहले एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान है। ये बिहार के लिए काफी खास है। यहां वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। पिछले वर्ष रांची में आयोजित इस चैंपियनशिप में भारत को जीत मिली थी। ये बिहार हॉकी के लिए बहुत बड़ा दिन है।

**भोला नाथ सिंह**
**हॉकी इंडिया महासचिव**

हम इस प्रतियोगिता की मेजबानी और समर्थन के लिए एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) और बिहार सरकार को धन्यवाद देते हैं। यह बिहार हॉकी के लिए बहुत बड़ा दिन है। नालंदा जिले राजगीर में नवनिर्मित राज्य के पहले एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान पर मैच खेला जाएगा।

**दिलीप तिर्की,**
**अध्यक्ष, हॉकी इंडिया**

## विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप: पूजा नये राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ ऊंची कूद के फाइनल में



**लीमा (पेरू)।** भारतीय एथलीट पूजा सिंह ने लीमा में चल रही विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में महिलाओं की ऊंची कूद के क्वालिफिकेशन दौर में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 9वें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है 17 वर्षीय पूजा ने 1.83 मीटर की ऊंचाई पार करके गुरुवार देर रात महिलाओं की ऊंची कूद के क्वालीफिकेशन राउंड ग्रुप बी में दूसरा और कुल मिलाकर नौवां स्थान प्राप्त किया। इस प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ वह 31 अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गईं। इससे पहले पूजा सिंह का बेस्ट प्रदर्शन कोरिया में 20वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1.82 मीटर का था। उन्होंने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था।

## पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश में धुला

**रावलपिंडी।** लगातार बारिश के कारण शुक्रवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन धुल गया। पिछले सप्ताह इसी मैदान पर ऐतिहासिक 10 विकेट से जीत दर्ज करने के बाद बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। खिलाड़ी और टीम के अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे खेल को रद्द कर दिया, क्योंकि बारिश जारी थी और आउटफील्ड जलमग्न हो गई थी। दोनों टीमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग के निचले आधे हिस्से में हैं, जिसमें बांग्लादेश सातवें और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

